राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 186, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 20 जनवरी 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

पानी न देने पर रूम पार्टनर की गला घोंटकर हत्या, फिर पंखे से लटकाया शव .... पेज 03

आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप केस में 200 पेज की चार्जशीट दाखिल, तीनों आरोपियों के .... पेज 05

बोपन्ना ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल के तीसरे और जोकोविच एकल के चौथे दौरे में .... पेज 07

## प्राण-प्रतिष्ठा से 3 दिन पहले रामलला की पहली तस्वीर

### 4.5 फीट की प्रतिमा, इस पर विष्णु के 10 अवतार; स्वास्तिक, शंख-चक्र भी मौजूद



अयोध्या। अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा से 3 दिन पहले रामलला की प्रतिमा की पहली पूरी तस्वीर सामने आई। काले पत्थर से बनी मूर्ति में भगवान का विहंगम स्वरूप दिखाई दे रहा है। हालांकि, कपड़े से उनकी आंखें ढंकी हैं।

5 साल के रामलला के चारों तरफ आभामंडल बनाया गया है। कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने इसे एक ही पत्थर से बनाया है। यानी, पत्थर को कहीं जोड़ा नहीं गया है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम नरेंद्र मोदी आंखों से कपड़े को हटाएंगे। फिर सोने की सलाई से काजल लगाएंगे। इसके बाद रामलला को शीशा दिखाएंगे।

#### 16 जनवरी को पहली झलक क्रेन से उठाते वक्त नजर आई थी

पिछले तीन दिन में उनकी प्रतिमा की कई तस्वीरें सामने आईं। पहली तस्वीर उस वक्त की थी, जब उन्हें मंगलवार 16 जनवरी की शाम को मंदिर लाया गया था और क्रेन से उठाया जा रहा था। उस वक्त उनका सिर्फ सिर ही दिख रहा था। बाकी मूर्ति कपड़े से ढंकी थी।

#### 18 जनवरी की शाम को सामने आई थी आधी कवर प्रतिमा

इसके बाद 18 जनवरी यानी गुरुवार शाम को गर्भगृह के आसन में रखे जाने के बाद रामलला की पहली तस्वीर सामने आई थी। इस तस्वीर में भगवान की आधी प्रतिमा कपड़े से कवर की हुई थी। चेहरे पर पीले रंग का कपड़ा बंधा हुआ था। जबकि नीचे सफेद रंग का कपड़ा बंधा हुआ है।

#### 19 जनवरी को वर्कशॉप की तस्वीर सामने आई

रामलला को गुरुवार को गर्भगृह में आसन पर स्थापित होने के बाद वर्कशाप की तस्वीरें वायरल हुईं। इसमें रामलला बाएं हाथ से धनुष पकड़ेंगे। अभी उनके बाएं हाथ को धनुष-बाण पकड़ने की मुद्रा में दिखाया गया है। प्रतिमा पर अभी धनुष-बाण नहीं लगाया गया है। भगवान के सिर पर सोने का मुकुट पहनाया जाएगा। प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़े अनुष्ठान चौथे दिन भी जारी हैं।

## जमशेदपुर में ट्रेन से कटकर 4 लोगों की मौत

जमशेदपुर। सरायकेला जिला के गम्हरिया रेलवे स्टेशन के समीप उत्कल एक्सप्रेस की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गयी है. ? मिली जानकारी के अनुसार, उत्कल एक्सप्रेस रेलवे ट्रैक से गुजर रही थी. इसी दौरान लोग रेलवे लाइन पार कर रहे थे तभी यह घटना घटी है. बताया जाता है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है. फिलहाल चार लोगों की मौत की खबर है. दुर्घटना में मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है. हालांकि, इसको लेकर रेलवे की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई । बताया जा रहा है कि, चक्रधरपुर रेल मंडल के गम्हरिया और बिरराजपुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन संख्या 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस गुजर रही थी. इसी दौरान पोल संख्या 260-20 के पास चारों लोग रेलवे ट्रैक क्रॉस कर रहे थे, तभी ट्रेन की चपेट में आ गए, इससे चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे में हड़कंप मच गया. तत्काल टाटानगर रेलवे स्टेशन से रिलीफ ट्रेन को घटनास्थल पर भेजा गया।

**विरोध प्रदर्शन**



भीम आर्मी प्रमुख चंद्र शेखर आज़ाद रावण ने नई दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय की बर्खास्त शिक्षिका रितु सिंह को न्याय दिलाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

## अगले पांच दिनों में कोहरे के आगोश में रहेगा उत्तर भारत

नयी दिल्ली। उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में अगले पांच दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा जिससे लोगों को ठंड से राहत नहीं मिलेगी।

मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को 23 जनवरी तक उत्तर भारत में घना कोहरो छाये रहने की भविष्यवाणी की है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कई हिस्सों में आज रात से शनिवार सुबह के दौरान तथा और कुछ हिस्सों में अगले चार दिनों तक कोहरा रहेगा। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड , उत्तरी राजस्थान , बिहार, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम त्रिपुरा , ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल सिक्किम , उत्तरी मध्य प्रदेश, झारखंड और गांगेय पश्चिम बंगाल में कुछ हिस्सों में काहरा छाया रह सकता है। इन इलाकों में कडी ठंड भी पड़ सकती है। उत्तर पश्चिम के मैदानी इलाकों में शीत लहर की स्थिति बने रहने की संभावना है।

## मणिपुर में पिता-पुत्र समेत 4 लोगों की हत्या

### हिंसा को लेकर इम्फाल में प्रदर्शन, सुरक्षा बलों पर हमले में म्यांमार के आतंकी शामिल



**मणिपुर में अब तक 200 से ज्यादा मौतें, 1100 घायल**

राज्य में 3 मई से कुकी और मैतेई के बीच जारी जातीय हिंसा में 200 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। राज्य में अब तक 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। 6 हजार मामले दर्ज हुए हैं और 144 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

इम्फाल। मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में एक व्यक्ति और उसके बेटे समेत 4 लोगों की हत्या कर दी गई। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार 18 जनवरी को बताया उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले में ओइनम बमोलजाओ (61) और उनके बेटे ओइनम मैनिटोम्बा (35) को मार डाला।

साथ ही उसी जिले के स्वयंसेवक थियाम सोमेन (54) की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

इसके अलावा, बुधवार 17 जनवरी की रात कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे इम्फाल पश्चिम जिले के कांगचुप में एक गांव के स्वयंसेवक ताखेललंबम मनोरंजन (26) की मौत हो गई। साथ ही एक अन्य स्वयंसेवक मंगशताबम वांगलेन भी गोली लगने से घायल हो गया था।

इसके अलावा बुधवार को थौबल जिले में सुरक्षा बलों पर हुई गोलीबारी की घटना में विदेशी आतंकियों के शामिल होने के बात सामने आ रही है। मणिपुर से सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने कहा कि म्यांमार के कई आतंकी हिंसा के लिए भाड़े पर बुलाए गए थे।

उधर, मणिपुर में पिछले साल से शुरू हुई हिंसा को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इम्फाल में रैली निकाली गई, जिसमें लोगों ने सरकार से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

#### केंद्र ने मणिपुर की मांग पर भेजा सेना का हेलिकॉप्टर

मणिपुर में कुछ दिनों से सुरक्षा बलों पर म्यांमार सीमा पर हो रहे हमलों से केंद्र सरकार भी गंभीर हो गई है। राज्य सरकार की मांग पर कदम उठाते हुए केंद्र ने इम्फाल में सेना का एक विशेष हेलिकॉप्टर भेज दिया है। सैन्य और मेडिकल जरूरतों संबंधी हर तरह के आपातकालीन मौकों पर इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

## दिल्ली में गणतंत्र दिवस तक रोज 2 घंटे फ्लाइट बैन

### विमानों के टेकऑफ-लैंडिंग पर रोक रहेगी; वायुसेना और राज्यपाल-मुख्यमंत्रियों की उड़ानों को छूट

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी तक हर दिन सुबह 10.20 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक दिल्ली हवाई अड्डे से न तो कोई प्लेन उड़ान भरेगा और न ही लैंड करेगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियों और कर्तव्यपथ पर होने वाले मुख्य समारोह के चलते यह फैसला लिया गया है। यह प्रतिबंध 19 जनवरी से 26 जनवरी तक लागू रहेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरणने इस फैसले को लेकर नोटम जारी किया है। इससे पहले कुछ अपवादों के साथ केवल नॉन शेड्यूल फ्लाइट्स के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया था।

दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है और रोजाना लगभग 1300 फ्लाइट्स को ऑपरेट करता है।

26 जनवरी को 75वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा, जिसमें फ्रांस के



राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन मुख्य अतिथि होंगे। यह छठा मौका है, जब कोई फ्रांसीसी नेता गणतंत्र दिवस परेड में बतौर गेस्ट शामिल होगा।

#### नोटम में ये निर्देश भी शामिल

दिल्ली के एयरस्पेस पर प्रतिबंध शुक्रवार (19 जनवरी) से सोमवार (29 जनवरी) तक लागू रहेगा।

19 से 25 जनवरी तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक शेड्यूल-नॉन शेड्यूल एयरलाइन्स की फ्लाइट्स का टेक-ऑफ या लैंडिंग नहीं होगी।

पहले जारी एक और नोटम के मुताबिक ये प्रतिबंध 26 जनवरी से 29 जनवरी तक सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक लागू रहेंगे।

वायुसेना, बीएसएफ और आर्मी हेलिकॉप्टर के साथ-साथ राज्यपाल/मुख्यमंत्री को लेकर आ रहे विमानों पर NOTAM प्रभावी नहीं होगा।

## सुप्रीम कोर्ट में बिलकिस के 11 दोषियों की याचिका खारिज

### सरेंडर के लिए समय मांगा था; बेंच ने कहा- जो कारण बताए उनमें दम नहीं

नई दिल्ली। कोर्ट ने शुक्रवार को बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों के सरेंडर की अवधि बढ़ाने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुईयां की बेंच ने कहा कि दोषियों ने सरेंडर के लिए समय बढ़ाने के जो कारण बताए हैं, उनमें दम नहीं है। इन सभी को दो दिन में सरेंडर करने के निर्देश दिए गए हैं।

इन दोषियों में से किसी ने अपने बेटे की शादी, किसी ने पैर की सर्जरी, किसी ने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने, किसी ने फसलों की



कटाई का कारण बताकर सरेंडर की तारीख बढ़ाने की मांग की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस से गैंगरेप के दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने सभी दोषियों को दो हफ्ते के भीतर यानी 21 जनवरी तक सरेंडर करने के लिए कहा था।

## मालवाहक विमान सी-295 पहली बार फ्लाईपास्ट में लेगा हिस्सा

**नयी दिल्ली।** वायु सेना का सी- 295 मालवाहक विमान पहली बार गणतंत्र दिवस के मौके पर राजपथ पर अपने जौहर दिखायेगा। वायु सेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि देश में ही बनाया जाने वाला सी-295 मालवाहक विमान गणतंत्र दिवस पर होने वाले फ्लाइपास्ट में पहली बार हिस्सा लेगा। उन्होंने कहा कि परेड में तीनों सेनाओं की महिला अग्निवीरों को दस्ता भी शामिल होगा जिसमें वायु सेना की 48 महिला अग्निवीर शामिल होंगी। वायु सेना के दस्ते का नेतृत्व स्क्वैड्रन लीडर रश्मि ठाकुर करेंगी। उनके साथ स्कवैड्रन लीडर सुमिता यादव , प्रतिति अहलुवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल भी रहेंगी।

## वडोदरा बोट हादसे की जांच के लिए एसआईटी का गठन

### 16 की कैपेसिटी वाली नाव में 31 बैठाए; 12 स्टूडेंट्स समेत 14 की मौत हुई

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा में बोट हादसे की घटना में लेक का मेंटनेंस करने वाले 18 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। हरणी लेक का मुख्य ठेकेदार परेश शाह फरार है। वडोदरा पुलिस कमिश्नर ने हादसे की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इसमें 7 पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

मामले में वडोदरा कॉर्पोरेशन में कार्यकारी अभियंता राजेश चौहान ने मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के प्रबंधकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करवाई है। शिकायत में कहा गया है कि हरणी लेक जोन में काम का वर्क ऑर्डर 2017 से मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के पास है। प्रोजेक्ट में लेक में बोटिंग से



लेकर भोजन-पेय, बैंक्वेट हॉल जैसी सभी सुविधाओं की जिम्मेदारी मेसर्स कोटिया के जिम्मे थी। इस तरह हादसे का जिम्मेदार मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के प्रबंधक भी हैं।

उधर, एफआईआर को लेकर पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। एफआईआर में लेक का मेंटेनेंस करने वाले कोटिया प्रोजेक्ट्स के प्रबंधक बीनीत कोटिया और हितेश कोटिया का नाम दर्ज है। लेकिन एफआईआर में पुलिस ने इनके बंगले का एड्रेस गलत लिखा है। एफआईआर में दर्ज पते वाला नीलकंठ बंगला 2021 में ही बिक गया था। बंगले में कोई और रह रहा है। इनमें से आरोपी नंबर 2 हितेश कोटिया की कोरोना से मौत हो चुकी है।

#### हादसे में हुई 12 बच्चों और 2 टीचर्स की मौत

गुरुवार (18 जनवरी) को वडोदरा के हरणी लेक में नाव पलट गई थी। इस पर स्कूली बच्चे और टीचर्स सवार थे। रेस्क्यू के दौरान 20 लोगों को निकाला गया, जिनमें 12 बच्चों और 2 टीचर्स की मौत हो गई। नाव में सवार बाकी 11 बच्चे और 2 टीचर को बचा लिया गया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। वडोदरा के कलेक्टर एबी गोरे ने बताया कि 16 कैपेसिटी वाले नाव में 31 लोगों को बैठा लिया था। इसीलिए हादसा हुआ। हादसे का शिकार हुए सभी बच्चे वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के हैं। सबकी उम्र 8 से 13 साल के बीच है।

**संदिग्ध आतंकी**

### नक्शा लेने आए थे रामनगरी; योगी को जान से मारने की दी थी धमकी

## अयोध्या से पकड़े गए 3-संदिग्ध आतंकी पन्नू गैंग के मेंबर

लखनऊ। अयोध्या से गुरुवार देर रात पकड़े गए तीनों संदिग्ध खालिस्तानी आतंकी पन्नू गैंग के सदस्य हैं। जो पन्नू के कहने पर अयोध्या का नक्शा लेने पहुंचे थे। वे स्कार्पियों से आए थे। यूपी पुलिस और एटीएस ने जांच पड़ताल के दौरान उनकी गाड़ी का पीछा किया। वे जैसे ही त्रिमूर्ति होटल जाने लगे। उन्हें दबोच लिया।

तीनों राजस्थान के रहने वाले हैं। दो की पहचान जाजोद के रहने वाले शंकर लाल दुसाद और प्रदीप पुनिया के रूप में हुई है। जबकि तीसरे की पहचान झुनझुन पतूसरी के रहने वाले अजीत कुमार के तौर पर हुई है। ये







खुलासा तीनों संदिग्धों से पूछताछ में हुआ है। पन्नू ने शुक्रवार को ष्टरूयोगी आदित्यनाथ को जान से मारने की भी धमकी दी है।

#### शंकर लाल दुसाद के खिलाफ राजस्थान में 7 मामले दर्ज हैं

डीजी प्रशांत कुमार ने बताया, शंकर लाल दुसाद के खिलाफ 2007 से 2014 के बीच राजस्थान में 7 मामले दर्ज हैं। उसको 21 मार्च 2016 में गिरफ्तार किया गया था। वह बीकानेर सेंट्रल जेल में 15 मई 2023 तक जेल में रहा। जमानत पर छूटकर बाहर आया है। जेल में रहने के दौरान कैदी लखबिन्दर से जान-पहचान हो गयी थी। जेल से छूटने के बाद लखबिन्दर ने शंकरलाल दुसाद से कहा था कि मेरे भांजे पम्मा से मुलाकात कर लेना।

#### 22 जनवरी को हत्या की दी धमकी

पन्नू ने शुक्रवार को ष्टरू योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की भी धमकी दी है। उसने ऑडियो मैसेज भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुलिस ने अयोध्या में खालिस्तान समर्थक 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके खिलाफ झूठा केस बनाया जा रहा है।

22 जनवरी को अयोध्या में हो रहा राम मंदिर समारोह आपको (सीएम योगी) एसएफजे से कोई बचा नहीं पाएगा। जरूरत पड़ने पर राजनीतिक हत्याएं करेंगे। एसएफजे की तरफ से 22 जनवरी को इसका जवाब दिया जाएगा। 24 घंटे के अंदर अयोध्या में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने 3 संदिग्धों को पकड़ा है।

## 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की सोच संविधान की भावना के खिलाफ

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को साफ कर दिया कि वह 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के खिलाफ है और भारत जैसे विशाल देश में इसकी कोई जरूरत नहीं है तथा उनकी पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज इस मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति को पत्र लिखकर कहा कि 'एक चुनाव एक राष्ट्र' की व्यवस्था की देश कोई कोई जरूरत नहीं है और यह सोच हमारे संविधान के खिलाफ है।

उन्होंने कहा, यह विचार ही मूल रूप से भारतीय संविधान की व्यवस्था के



विरुद्ध है। भारत जैसे एक मजबूत लोकतंत्र में इस तरह का विचार आना ही गलत है क्योंकि हमारे यहां सभी चुनाव एक साथ नहीं कराए जा सकते हैं। उन्होंने समिति के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति से आग्रह किया कि वह देश की संवैधानिक व्यवस्था को नष्ट करने वाली समिति के अध्यक्ष के तौर पर तथा पूर्व राष्ट्रपति के पद की गरिमा का दुरुपयोग न होनें दें।

कांग्रेस नेता ने मामले में गठित उच्च स्तरीय समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे पत्र में कहा है कि इस संबंध में समिति का गठन ही संघीय ढांचे के विरुद्ध है।

इस तरह का प्रारूप संविधान की संघवाद की गारंटी वाली व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने इस विचार को संविधान की मूल संरचना के खिलाफ करार दिया और कहा कि यदि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की जरूरत होगी।

## शार्ट न्यूज

### भाजपा ने 22 जनवरी को छुट्टी घोषित किए जाने हेतु ममता को लिखा पत्र

कोलकाता। (पी एम ए) भारतीय जनता पार्टी ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस संबंध में पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि 22 जनवरी का दिन भारत की ऐतिहासिक परंपराओं को गौरवान्वित करने वाला दिन है। इसलिए पश्चिम बंगाल में छुट्टी घोषित चाहिए। सुकांत ने लिखा है कि इसके जरिए नई पीढ़ी को अपने देश की सभ्यता और संस्कृति के प्रति गौरवान्वित होने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन राजधानी कोलकाता सहित पूरे राज्य में सद्भावना रैली करने की घोषणा की है। उस दिन राज्य के कई हिस्सों में भगवान राम को केंद्रित कर कई कार्यक्रम होने हैं। इसके अलावा एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रकाश पर्व के मौके पर हर साल सिख समुदाय के सरकारी कर्मचारियों को छुट्टियां देने की घोषणा की है।

### इनेलो ने पदाधिकारियों की सूची जारी की

चंडीगढ़। इंडियन नेशनल लोकदल ( इनेलो ) ने शुक्रवार नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी की। इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत इनेलो पार्टी के किसान प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और प्रधान महासचिव एवं जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की। किसान प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में फूल सिंह मंजूरा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जगतराम, पूर्व चेयरमैन किरण, विनोद दड़बी, राजेन्द्र धनखड़, पूर्व सरपंच तेलू राम, पूर्व चेयरमैन रामपाल राणा, बनी सिंह पलाका, मनजीत सिंह, सुभाष, गुरचरण सिंह अमानी, राज मोहन राणा, श्रीमती सुदेश कंडेला, स. हरदेव सिंह, दिलावर सिंह रोड, संजय सिंह नंबरदार, सत्या शर्मा, बिरजू फोगाट, बलबीर राणा और कुलदीप जम्मू को उपाध्यक्ष और प्रेम सिंह भालसी को प्रधान महासचिव बनाया गया है। किसान प्रकोष्ठ के 22 जिलों के अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है जिसकी सूची इस प्रकार है।

### कामतापुर कार्यकर्ताओं के रेल रोको आंदोलन से ट्रेनों की आवाजाही बाधित

जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में अलग कामतापुर राज्य की मांग कर रहे ऑल कामतापुर स्टूडेंट्स यूनियन (एकेएसयू) ने शुक्रवार को 12 घंटे का रेल रोको आंदोलन शुरू किया जिससे लंबी दूरी के कई यात्री ट्रेनें सहित वंदे भारत की भी आवाजाही बाधित हो गयी। आंदोलन जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुड़ी के पास बेदगारा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह 0700 बजे शुरू हुआ। सूत्रों ने बताया कि एकेएसयू कार्यकर्ताओं और केपीपी यूनाइटेड के सदस्यों द्वारा पटरियों पर बैठकर ट्रैक अवरुद्ध करने पर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ( एनएफआर) अधिकारियों को लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों के साथ-साथ मालगाड़ियों को भी रोकना पड़ा। सूत्रों ने कहा कि एनएफआर के अधिकारियों और रेलवे सुरक्षा बल( आरपीएफ) ने कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत शुरू की और उनसे फंसी हुई ट्रेनों की आवाजाही की अनुमति देने को कहा क्योंकि भारतीय रेलवे का भारतीय नागरिकों के किसी भी वर्ग की राजनीतिक आकांक्षाओं से कोई लेना-देना नहीं है।

### त्रिपुरा में बाल विवाह के खिलाफ लड़ने वाली छात्रा को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

अगरतला। दक्षिण त्रिपुरा की एक 10 वीं कक्षा की अल्पसंख्यक समुदाय की छात्रा को एक वर्ष के दौरान स्वयं सहित गाँव के विभिन्न परिवारों में बाल विवाह के छह प्रयासों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए चुना गया है। ज्योत्सना अख्तर 22 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से पुरस्कार प्राप्त करेंगी। ज्योत्सना शानदार परिणामों के साथ बेलोनिया के अमजद नगर हाई स्कूल में पढ़ रही है, लेकिन उसके माता-पिता ने पिछले साल उसकी शादी के लिए प्रयास किया था। शुरुआत में, उसने अपने माता-पिता को समझाने की कोशिश की लेकिन असफल रही।ज्योत्सना ने कहा, परिवार और रिश्तेदारों के बीच बस मेरी शादी ही एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया। कुछ बिंदु पर, उन सभी ने मेरी इच्छा के विरुद्ध जाकर, उस लड़के के साथ मेरी शादी करने का फैसला किया जिसे उन्होंने तब चुना था जब मैं केवल 15 वर्ष की थी।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने 500 श्री राम भगवा ध्वज का किया वितरण

रांची। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में निर्मित दिव्य एवं भव्य श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की पावन तिथि 22 जनवरी 2024 को होने वाले ऐतिहासिक दिन को रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन अत्यंत उत्साह पूर्वक एवं भव्य रूप से मनाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने आज बताया कि 22 जनवरी को मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र एवं पहाड़ी रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा केंद्र मे श्री राम उत्सव एवं दीपोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। श्री रामचंद्र जी की पूजा- अर्चना, प्रसाद भोग एवं श्री राम का भगवा ध्वज फहराया जाएगा, इस दिन दोनों अन्नपूर्णा सेवा में भोजन प्रसाद नि:शुल्क रहेगा तथा मिठाइयां, फल बांटी जाएगी, दीपक जलाकर दीपोत्सव एवं पूरे वातावरण को राममय बनाया जाएगा। उन्होंने सबो से अपील की है कि 22 जनवरी को अयोध्या में पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी मंदिरों में पूजा-पाठ, भजन- कीर्तन, महा आरती, श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण एवं शाम को अपने-अपने घरों मे दीपक जलाकर एवं श्री राम का भगवा झंडा फहराकर राम उत्सव उल्लास के साथ मनाये।

### साय ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ राम रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जय श्रीराम के उद्घोष के साथ राम रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री साय के राज्य अतिथि गृह पहुना से राम रथ को झंडी दिखाकर रवाना करने के मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय एवं उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने चिट्ठी में मनोकामना के रूप में जय श्री राम लिखकर रथ के जरिये अयोध्या श्री राम लला के पास भेजा और प्रदेशवासियों के खुशहाल एवं सुखमय जीवन की कामना की। साय के साथ रायपुर कान्वेंट स्कूल की छात्राओं ने भी अपने संदेश ड्राप बॉक्स में डाले। कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ी फिल्मों के डायरेक्टर मनोज राजपूत, डॉ. ओम माखीजा और प्रेम देवांगन भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि एक एफ एम रेडियो चैनल के द्वारा एक चिट्ठी सियाराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत राम रथ राज्य भर में भ्रमण कर प्रदेशवासियों से उनकी मनोकामना हेतु लिखित संदेश चिट्ठी के रूप में एकत्रित करेगा। राम रथ प्रदेश भर से एकत्रित संदेश मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान राम के पास अयोध्या पहुँचेगा और श्रद्धालुओं के लिए आशीर्वाद के रूप में अयोध्या से मिट्टी और प्रसाद लेकर वापस लौटेगा।

### आरोपियों के गोली से प्रधान आरक्षक शहीद

सिवनी। मध्यप्रदेश के सिवनी में चोर गिरोह को पकड़ने गये पुलिस टीम पर आरोपियों के द्वारा गोली चलाने से घायल प्रधान आरक्षक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के छिंदवाड़ा रोड बम्होड़ी बायपास में कल रात चोर गिरोह को दबोचने गई पुलिस टीम पर एक आरोपित ने रिवाल्वर से फायरिंग कर दी। गोली डूंडासिवनी थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर सीने में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल प्रधान आरक्षक को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार की बाद नागपुर मेडीकल कालेज में भर्ती कराय गया। जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गयी। शहीद प्रधान आरक्षक का शव सिवनी स्थित गृहग्राम डोभ लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# जंजीर ताले में बंद नोएडा प्राधिकरण

## किसानों ने कहा- संपूर्ण लॉकडाउन, 2021 में भी की थी तालाबंदी, 5 सालों से सिर्फ वादाखिलाफी

नोएडा। नोएडा में किसानों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारी किसानों ने सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के गेट पर ताला जड़ दिया। किसानों ने कहा कि जब तक हमारा काम नहीं होगा, किसी का काम नहीं होने देंगे।

रात भर किसान प्राधिकरण गेट के पास तंबू में धरना देते रहे। हालांकि किसानों का धरना 39 दिनों से चल रहा है। लेकिन ताला नहीं खुले इसके बाद अलग से किसान गेट की चौकसी कर रहे है।

दरअसल पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को 105 गांवों के किसान दोपहर करीब 12 बजे प्राधिकरण पर पहुंचे। पुलिस ने पहले से ही प्राधिकरण के सभी गेटों के बाहर बैरिकेडिंग कर दी थी। ताकि किसान तालाबंदी नही कर सके। करीब दो बजे तक पंचायत हुई।

करीब तीन बजे भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष ने किसानों से तालाबंदी करने का ऐलान किया। इसके बाद महिला किसान हाथ में ताला और जंजीर लेकर गेट नंबर दो की ओर बढ़े। किसान बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। हंगामा किया और नारेबाजी



करते हुए ताला लगा दिया।

### 5 सालों से किसानों के साथ प्राधिकरण कर रहा वादाखिलाफी

5 सालों से किसान प्राधिकरण की वादाखिलाफी से आक्रोशित है। ये वादाखिलाफी एक बार नहीं बल्कि 2019 से लगातार किसानों के साथ हो रही है। पहली बार 10त्न विकासित भूखंड या इसके समतुल्य मुआवजे की मांग को लेकर 2019-20 में किसानों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद हर साल कभी लगातार 4 तो कभी 6 महीने तक किसान प्राधिकरण की चौखट पर बैठे रहे। यही वजह थी सितंबर 2021 में भारतीय किसान परिषद ने प्राधिकरण की तालाबंदी की थी। उस तालाबंदी के समय प्राधिकरण में कई दिनों तक काम प्रभावित हुआ और रीजनल ऑफिस से काम किया गया।

### क्यों किया जा रहा धरना प्रदर्शने

दरअसल , नोएडा प्राधिकरण ने भू अर्जन अधिनियम 1984 में वर्णित प्रावधान के अनुसार 16 गांव की 19 अधिसूचनाएं को एक किसान की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

इस चुनौती पर उच्च न्यायालय ने किसानों को 64.70 प्रतिशत की दर से मुआवजा और 10 प्रतिशत आबादी भूखंड देने का आदेश दिया।

21 अक्टूबर 2011 के आदेश क्रम में ऐसे किसान जिनकी याचिका खारिज कर दी गई या जो न्यायालय नहीं गए उनका निर्णय प्राधिकरण को लेने का निर्देश दिया गया।

न्यायालय के आदेश के बाद प्राधिकरण ने 191वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया कि 10 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड (जिन्हें पूर्व में 5 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड मिल चुका है उन्हें अतिरिक्त 5 प्रतिशत भूखंड) या इसके क्षेत्रफल के समतुल्य मुआवजा सिर्फ उन्ही किसानों को दिया जाएगा जो उच्च न्यायालय के आदेश 21 अक्टूबर 2011 में शामिल हुए थे।

प्राधिकरण ने माना कि ऐसे किसान जिन्होंने न्यायालय में चुनौती दी लेकिन उनकी याचिका को निरस्त कर दिया गया और ऐसे किसान जिन्होंने अधिसूचना को चुनौती ही नहीं दी। वे पात्र नहीं है। इस निर्णय के बाद किसानों में आक्रोश भर गया। इसके बाद ऐसे किसान जो उस समय न्यायालय नहीं गए थे। उन्होंने याचिका दायर की। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। तब से लगातार किसान मांग को लेकर प्रदर्शन करते आ रहे है।

# बारामूला, कुलगाम में दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला और कुलगाम जिलों में शुक्रवार को अलग-अलग अभियानों में दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने कहा कि बारामूला जिले के गंटामुल्ला कॉलोनी में स्थापित एक जांच चौकी पर एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने कहा, पुलिस दल ने एक व्यक्ति को रोका और उसकी तलाशी के दौरान उसके पास से स्पास्मो प्रोक्सीवोन प्लस साइकोट्रोपिक पदार्थों के 72 कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया और थाना ले जाया गया जहां वह हिरासत में रहा।

गिरफ्तार तस्कर की पहचान पहलिहारन के गौहर अहमद भट के रूप में हुई।

इसके बाद शीरी थाना में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि कुलगाम जिले में एक और ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

मार्गीबल गोज्जरपोरा में स्थापित एक चेकपॉइंट पर डीएच पोरा थाना की



एक पुलिस पार्टी ने वारिपोरा के सयार अहमद मीर के रूप में पहचाने गये एक मोटरसाइकिल चालक को रुकने का संकेत दिया।

पुलिस ने कहा,पुलिस पार्टी को देखकर उसने मौके से भागने की कोशिश की। सतर्क पुलिस दल द्वारा चतुराई से उसका पीछा किया गया और उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान, अधिकारी उसके कब्जे से नायलॉन बैग में छुपाया गया 2.5 किलोग्राम पोस्ता भूसा जैसा प्रतिबंधित पदार्थ बरामद करने में सक्षम रहे।

अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गयी। इसके बाद डीएच पोरा थाना में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई है।

# मोदी 20-21 जनवरी को तमिलनाडु में कई मंदिरों में करेंगे दर्शन

नई दिल्ली। (पी एम ए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20-21 जनवरी को तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री तमिलनाडु में कई मंदिरों में दर्शन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री तिरुचिरापल्ली में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में विद्वानों से कम्-?ब रामायणम का पाठ श्रवण करेंगे।

प्रधानमंत्री श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर जाकर कई भाषाओं में रामायण का पाठ सुनेंगे और भजन संध्या में भी भाग लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री धनुषकोडी में कोठंडारामास्वामी मंदिर और अरिचल मुनाई भी जाएंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी 20 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री इस मंदिर में विभिन्न विद्वानों से कम्ब रामायणम के छंदों का पाठ भी सुनेंगे। दोपहर करीब 2 बजे रामेश्वरम पहुंचेंगे और श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे।

इस मंदिर में भी प्रधानमंत्री 'श्री रामायण पारायण' कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में आठ अलग-अलग पारंपरिक मंडलियां संस्कृत, अवधी, कश्मीरी, गुरुमुखी, असमिया, बांग्ला, मैथिली और गुजराती में रामकथा ( श्री राम की अयोध्या वापसी के प्रसंग का वर्णन) का पाठ करेंगी।

# एयर इंडिया के क्रू मेंबर की 5 गोली मारकर हत्या

## जिम के बाहर कार में मारी गोली; 2 बाइक से आए थे 5 बदमाश

नोएडा। नोएडा से बड़ी खबर है। यहां दिनदहाड़े एयर इंडिया के क्रू मेंबर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह जिम करने आया था। जिम से लौटने के बाद वह कार स्टार्ट कर रहा था। तभी बाइक सवार तीन बदमाश आए और ताबड़तोड़ 5 गोली मारी। हत्या की सूचना मिलते ही फौरन पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जांच-पड़ताल की जा रही है।

घटना नोएडा के सेक्टर-104 की है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया, शुक्रवार करीब ढाई बजे बजे सूरजभान (32) एनीटाइम जिम सेंटर पहुंचा था। वह यहां रोज जिम करने आता था। जिम



करने के बाद गाड़ी में बैठकर प्रोटीन शेक पी रहा था। तभी एक बाइक से 3 बदमाश आए। उन्होंने सामने से 9 राउंड फायरिंग की। जिसमें से 5 गोली सूरजभान को लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मर्डर की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को गाड़ी के अंदर से मृतक का मोबाइल मिला है। उसे जांच के लिए लेकर गई है। पुलिस लोगों से पूछताछ कर हत्यारों की तलाश कर रही रही है।

### सीसीटीवी से बदमाशों की तलाश

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बदमाश दो गाड़ियों से आए थे। एक बाइक पर तीन और दूसरे पर दो बदमाश थे। तीन बदमाश एक साथ बाइक से उतरे और फायरिंग कर दी। गोली मारने के बाद दोनों बाइक एक साथ भागी। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक कर रही है।

### एयर इंडिया में क्रू मेंबर था

पुलिस के मुताबिक सूरजभान नोएडा के सेटर-100 के लोट्स पनाश सोसाइटी में रहता था। वह मूलरूप से दिल्ली का रहने वाला है। उसकी शादी हो चुकी है। 4 साल की एक बेटी भी है। उसे गोली किसने और क्यों मारी है। पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है। डीसीपी ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। परिजनों से बातचीत की जा रही है। साथ ही जिम में उसके साथियों से भी पूछताछ की जाएगी। मृतक का मोबाइल पुलिस के पास है। इसे भी काफी साक्ष्य मिलेंगे।

# राम मंदिर उद्घाटन से पहले अयोध्या में एसपीजी का डेरा

नई दिल्ली 19 जनवरी (पी एम ए) राम लला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने वालो में प्रधानमंत्री नरेंद्र पहुंचने का भी नाम है। ऐसे में स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप की एक टुकड़ी भी अयोध्या पहुंच चुकी है।

अयोध्या में नवनिर्मित भगवान श्रीराम के भव्य राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है, नई नई जानकारियां निकल कर सामने आन रही हैं।

राम लला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र भी पहुंचने वाले है। ऐसे में प्रोटोकॉल के तहत अभी से उनकी सुरक्षा करने वाली स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप की एक टुकड़ी भी अयोध्या पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था के काम में जुट गई है। इसके साथ ही अयोध्या आने वाले वीवीआईपी लोगों को चुनिंदा पुलिस कर्मियों की 45 टीमें करीब से सुरक्षा प्रदान करेंगी।

### पी एम मोदी को छोड़ किसी को नहीं मिलेगी विशेष सुविधा

प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कठिनाई खड़ी न हो इसका खास ख्याल रखा गया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के अलावा किसी भी वर्गीकृत सुरक्षा या निजी सुरक्षा को अयोध्या में अनुमति नहीं दी जाएगी।

### VVIP s की 45 टीमें करेंगी सुरक्षा

22 जनवरी को अयोध्या आने वाले वीवीआईपी आमंत्रित लोगों को चुनिंदा पुलिस कर्मियों की 45 टीमें करीब से सुरक्षा प्रदान करेंगी।

इसके लिए उन्हें अच्छे व्यवहार और संचार कौशल से लैस इन टीमों का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक-रैंक के अधिकारी करेंगे, ताकि, आमंत्रित लोगों की परेशानी मुक्त आवाजाही में कोई दिक्कत न हो।

ये पुलिसकर्मी फॉर्मल कपड़े पहनेंगे और वीवीआईपी के पास तैनात रहेंगे।

बता दें कि राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में उद्योगपति, राजनेता, खिलाड़ी, फिल्म सितारे, आध्यात्मिक नेता और मीडिया के दिग्गज शामिल हैं।

### 33 जिलों की पुलिस कर रही अयोध्या की सुरक्षा

अधिकारियों ने बताया कि इनमें से प्रत्येक टीम में पांच उप-निरीक्षक और एक पुलिस उपाधीक्षक शामिल होंगे। 33 जिलों और पुलिस आयुक्तालयों से चयनित युवा उप-निरीक्षकों की साठ और टीमों को हवाईअड्डे जैसी तलाशी ड्यूटी के लिए तैनात किया जाएगा।

# जम्मू संभाग में जल्द ही जिला स्तर पर साइबर सेल की शुरुआत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में साइबर अपराध के मामलों को रोकने के लिये जम्मू संभाग के हर जिले में जल्द ही एक साइबर सेल होगा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि चूंकि साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराध के मामले हर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज की जा रही हैं, इसलिये जम्मू क्षेत्र के हर जिले में साइबर सेल बनाने का निर्णय लिया गया है।सूत्रों ने कहा, वर्तमान में जम्मू जिले में केवल एक साइबर सेल कार्यरत है और उस पर अत्यधिक बोझ है, जिससे शिकायतों के समाधान में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि हर जिले में इन इकाइयों के क्रियाशील होने के बाद ऐसी शिकायतों से निपटने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस को साइबर सेल विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, जम्मू-कश्मीर पुलिस को पुलिस मुख्यालय से मंजूरी मिलने के बाद हर जिले में साइबर सेल बनाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने भी इस पर संज्ञान लिया है और पूरे जोन में साइबर सेल जल्द शुरू करने के निर्देश दिये हैं।

# अभिषेक का कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग अध्यक्ष पद से इस्तीफा

शिमला। हिमाचल सरकार से नाराज चल रहे सुजानपुर के कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा के बेटे अभिषेक राणा ने पार्टी के सोशल मीडिया चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है।

अभिषेक ने लिखित इस्तीफा पार्टी के हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ल को सौंपा है।

अभिषेक ने इस विषय में सोशल मीडिया पर पोस्ट भी साझा की है। वह इस पद पर पांच साल से कार्यरत थे। पिता की पार्टी से नाराजगी की चर्चाओं के बीच बेटे के इस्तीफे के बाद सियासी गलियारों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राणा हिमाचल सरकार में मंत्री बनने की दौड़ में शामिल थे। मंत्री नहीं बनने की नाराजगी को राजेंद्र राणा कई बार सार्वजनिक तौर पर जता भी चुके हैं।

अभिषेक ने अपने इस्तीफे में सर्व कल्याणकारी संस्था के अध्यक्ष के तौर पर बढ़ी हुई व्यस्तता को वजह बताया है।

विधायक राणा इस संस्था के संस्थापक हैं। पिछले साल ही अभिषेक को इस संस्था का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# आप नेता तंवर ने पार्टी छोड़ी, आज थामेंगे भाजपा का दामन

सिरसा। हरियाणा में सिरसा के पूर्व सांसद एवं आम आदमी पार्टी (आप) चुनाव कैंपेन कमेटी हरियाणा के चैयरमेन डा. अशोक तंवर ने शुक्रवार को पार्टी को अलविदा कह दिया। वह आगामी 20 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक पत्र लिखकर तंवर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं अन्य पदों से पदच्युत करने का आग्रह किया है। उन्होंने पार्टी छोडने के पीछे 'आप' का इंडिया के साथ गठबंधन का होना बताया है।

तंवर ने चार अप्रैल 2022 को आप में



शामिल हुए थे। सूत्रों के अनुसार श्री तंवर 20 जनवरी को दिल्ली में एक सादे समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नढ़ा व गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा का दामन थामेंगे। भाजपा तंवर पर सिरसा लोकसभा सीट पर दांव खेल सकती है।

गौरतलब है कि डा. तंवर ने वर्ष 2003 में छात्र जीवन के दौरान कांग्रेस पार्टी की छात्र इकाई एनएसयूआई व उसके बाद वर्ष 2005 में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।

यूथ कांग्रेस के चलते उन्हें पार्टी के नेता राहुल गांधी के साथ काम करने का मौका मिला जिससे उनकी घनिष्टता भी बढ़ी।

राहुल गांधी ने वर्ष 2014 में सिरसा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया ओर जीत मिली।

इसके बाद पार्टी ने तंवर को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अशोक तंवर के बीच कुछ मुद्दों को लेकर छत्तीस का आंकड़ा बन गया। बात जुतमपैार तक पहुंच गई। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर अशोक तंवर व भूपेंद्र हुड्डा के बीच ठन गई। इसके बाद पांच अक्टूबर 2019 को अशोक तंवर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

पार्टी में अनेदखी का आरोप लगाते हुए 10 जनपथ पर रोष प्रदर्शन तक कर डाला।

कांग्रेस छोडने के बाद श्री तंवर ने अपना एक राजनीतिक दल खड़ा किया मगर थोड़े ही समय बाद तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। पार्टी ने गोवा में चुनाव का जिम्मा श्री तंवर को सौंपा मगर कोई खास रिस्पांस नही मिल पाया।

# राजनाथ ने किया बीआरओ द्वारा निर्मित 29 पुलों व छह सड़कों का उद्घाटन

जोशीमठ ढाक। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्र जोशीमठ ढाक से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित 35 इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन/लोकार्पण करते हुए देश को समर्पित किया। इसमें सात राज्यों की छह सड़कें और 29 पुल शामिल है। परियोजनाओं को बीआरओ द्वारा 670 करोड़ रुपए की लागत पर पूरा किया गया। इस दौरान, प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गढवाल सांसद तीरथ सिंह रावत उनके साथ उपस्थित थे।

सिंह ने सात राज्यों की जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें उत्तराखंड में तीन पुल, जम्मू-कश्मीर में एक सड़क व 10 पुल, लद्दाख में तीन सड़कें व छह पुल, हिमांचल प्रदेश में एक पुल, सिक्किम में दो सडकें, अरूणाचल प्रदेश में आठ पुल तथा मिजोरम में एक पुल शामिल है। उत्तराखंड राज्य में भारत चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशमठ-मलारी मार्ग पर ढाक पुल एवं भापकुंड पुल और सुमना-रिमखिम मोटर मार्ग पर रिमखिम गाढ पुल को शिवालित परियोजना द्वारा 33.24 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए हैं जिससे सीमांत क्षेत्रों में आवागमन सुगम हो गया है।

# स्कूलों से ड्राप आउट रोकने में सरकार विफल

चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने शुक्रवार कहा कि भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) और जननायक जनता पार्टी (जजपा) गठबंधन सरकार स्कूलों से लगातार हो रहे ड्राप आउट को रोकने में नाकाम साबित हुई है। सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि अकेले सिरसा में ही नौ प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं, जो अपनी स्कूली शिक्षा को बीच में ही छोड़ने को मजबूर हैं। सरकार ने इन्हें फिर से स्कूलों में दाखिला देने की दिशा में भी कोई प्रयास नहीं किया।

# हिमंत ने की राहुल की यात्रा को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश: जयराम रमेश

गुवाहाटी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर पार्टी नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' (बीजेएनवाई) को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास करने का आरोप लगाया। रमेश ने माजुली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से डरे हुए हैं, जिससे उनके बयानों में भ्रम पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि शर्मा जब कांग्रेस और गांधी के बारे में सोचते हैं तो अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं। कांग्रेस महासचिव ने बताया कि आज असम में राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा दिन है और यह माजुली में प्रवेश कर चुकी है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में और रविवार को असम के नगांव जिले में होगी। यह दावा करते हुए कि गांधी की यात्रा को असम के लोगों से पर्याप्त समर्थन मिल रहा है, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विभिन्न धमकियां देकर यात्रा को रोकने का भी प्रयास कर रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### लग्जरी कार चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार

नोएडा। थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा एनसीआर व आस-पास के क्षेत्रों में रेकी कर लग्जरी कार चोरी करने वाले अन्तर्राज्यी गैंग के चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान वसीम, रहीस, मोइन और विक्रम हुई है। पुलिस ने इन चारों को मैनुअल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से सेक्टर-63ए के गेट नंबर-1 चौकी क्षेत्र बहलोलपुर के पास से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की गई होंडा सिटी और ब्रेजा जिस कार , 02 एल नुमा लोहे की टी (गाडी का लॉक तोड़ने में प्रयोग की जाने वाली), 02 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद किए है। पूछताछ में चारो ने बताया की हम चारों एक साथ मिलकर एनसीआर क्षेत्र में घूम-फिरकर सोसाइटी एंव मार्केट आदि की पार्किंग में खड़े वाहनों की रेकी करते थे। इसके बाद एल नुमा टी से मौका पाकर वाहनों का लॉक तोड़कर उनको चोरी कर लेते थे । बरामद असलाह को हम चोरी करते समय अपनी सुरक्षा एवं लोगों से बचने के लिये अपने पास रखते थे। इससे पहले भी हम नोएडा एवं एनसीआर क्षेत्र कोसीकला, मथुरा से भी कई वाहन चोरी कर चुके है। जिसको काटकर बेचा जा चुका है। वाहनों को काटकर बेचने से मिले पैसों को हम आपस में बांटकर खर्च कर चुके है। पूछताछ में बताया इनसे बरामद की गई होंडा सिटी कार एक साथ मिलकर जनपद गाजियाबाद की पंच वटी कॉलोनी से करीब 01 साल पहले चोरी की थी।

### अवैध कॉलोनी पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण पर प्राधिकरण के द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण को ढहाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्राधिकरण की टीम ने ननवा का राजपुर में अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान करीब 43 हजार वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ननवा का राजपुर में हुए अवैध निर्माण को ढहा कर 43 हजार वर्ग मीटर जमीन को मुक्त करा लिया। जमीन की कीमत करीब 87 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव ननवा का राजपुर प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव के खसरा नंबर -37 और 112 की करीब 43670 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर लिए थे। अवैध निर्माण हटाने के लिए धारा 10 की नोटिस भी जारी कर दी गई थी, लेकिन अवैध निर्माण न हटाने पर विगत 15 जनवरी को एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर भी दे दी गई है। इन लोगों के द्वारा अवैध निर्माण को हटाया नहीं गया जिसके बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुची। प्राधिकरण ने पुलिस की मौजूदगी में तीन डंपर और तीन जेसीबी व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से अवैध निर्माण को ढहा दिया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली-कैंटर की भिड़ंत से जाम

गाजियाबाद। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन इलाके में शुक्रवार को रॉन्ग साइड दौड़ रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने एक कैंटर में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इससे राजनगर एक्सटेंशन की मुख्य सड़क पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सैकड़ों वाहन फंस गए। सबसे ज्यादा दिक्कत ऑफिस जाने वालों को हुई। ये हादसा राजनगर एक्सटेंशन में केडब्ल्यू मॉल के पास हुआ। यहां मेरठ रोड के पास यूटर्न और एलिवेटेड रोड है। इससे आते वक्त नंदग्राम के आश्रम कट से वाहन रोजाना गलत दिशा में आते हैं। शुक्रवार को भी ऐसा ही हुआ। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली गलत दिशा में दौड़ने लगी और वो सामने से आ रहे एक कैंटर से भिड़ गई। दोनों वाहनों में टक्कर हुई तो पीछे आ रहे अन्य वाहनों के पहिये थमने शुरू हो गए। जिसकी वजह से राजनगर एक्सटेंशन की मुख्य सड़क पर लंबा जाम लग गया। इसके बाद क्रेन ने पहुंचकर दोनों वाहनों को सड़क किनारे किया, तब जाकर जाम खुल सका। फैडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन एओए के मीडिया सह प्रभारी दीपांशु मित्तल ने बताया कि हर रोज यही स्थिति होती है। ट्रैफिक पुलिस पीक ऑवर्स में जरूर तैनात रहनी चाहिए, ताकि रॉन्ग साइड वाहनों को रोककर उन पर कार्रवाई की जा सके।

### रुपए चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

मोदीनगर। मोदीनगर हापुड मार्ग पर गांव गदाना स्थित कोल्ड ड्रिंक गोदाम की खिड़की उखाड़कर 2.5 लाख रुपए की नकदी चोरी करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से 42 हजार रुपए भी बरामद किए गए है। गांव गदाना स्थित मैसर्स सुपर एक्सल मार्केटिंग प्राईवेट लिमिटेड कंपनी का गोदाम स्थित है। पांच जनवरी को गोदाम की खिड़की उखाड़कर बदमाशों ने गल्ले से 2.5 लाख रुपए की चोरी कर ली गई थी। चोरी करने वाले बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया था। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर समीर उर्फ मिम्मी ,देवेंद्र उर्फ ढक्कन व फैसल निवासी लंकापुरी कॉलोनी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 42400 रुपए बरामद किए है। एसीपी ने बताया कि समीर व फैसल सगे भाई है,जबकि उनका पिता हबीब फरार है। उन्होंने बताया कि हबीब व देवेंद्र ने चोरी की योजना तैयार की। हबीब ने अपने दोनों पुत्रों को चोरी करने के लिए राजी कर लिया। उन्होने बताया कि हबीब की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर याकुतपुरी मवी के पास रिक्शा ठेला हटाने को लेकर हुए विवाद में तमंचा से फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की जेल

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में पांच और सात वर्ष की मासूम बच्चियों से दुष्कर्म के मामले में मकान मालिक चंद्रिका उर्फ कबाड़ी को दोषी करार दिया है। दोषी चंद्रिका को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वितीय चंद्रमोहन श्रीवास्तव ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि पीड़िता के परिवार को देने का आदेश दिया गया है। एडीजीसी चवन भाटी ने बताया कि चार अप्रैल 2019 को नोएडा सेक्टर-20 थाने में पीड़िताओं के पिता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित पक्ष का कहना था कि दंपती के घर से बाहर काम करने के लिए जाने के दौरान मकान मालिक पांच और सात साल की दो बेटियों को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाता था। मकान मालिक दोनों बच्चियों से दुष्कर्म करता था। पुलिस ने केस दर्जकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान छह गवाहों और दोनों पीड़िताओं ने बयान दर्ज कराए। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद चंद्रिका उर्फ कबाड़ी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। दोषी पहले सात साल की मासूम को पैसे व टॉफी देने का लालच देकर घर पर बुलाता था। मकान मालिक शुरुआत में डिजिटल रेप करता था। बाद में पीड़िता और उसकी छोटी बहन से भी दुष्कर्म करने लगा।

### नोएडा हवाईअड्डे से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करेगी अकासा एयर

ग्रेटर नोएडा। निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान सेवा संचालित करने के लिए विमानन कंपनियां आगे आ रही हैं। शुक्रवार को अकासा एयर और हवाईअड्डा प्रबंधन के बीच इस बाबत करार हुआ। समझौते के तहत अकासा एयर हवाई अड्डे से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करेगी। नोएडा एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टॉफ श्नेलमैन ने कहा कि विमानन कंपनी से साझेदारी से हवाई कनेक्टिविटी मजबूत होगी। नोएडा से देश के सभी प्रमुख महानगरों के साथ-साथ टियर-2 और 3 शहरों को जोड़ने के लिए नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। वहीं अकासा एयर के संस्थापक और सीईओ विनय दुबे ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट विमानन बुनियादी ढांचे के विकास पर हमारी सरकार के फोकस का उदाहरण है, क्योंकि देश एक अंतरराष्ट्रीय विमानन केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है। अहम है कि सितंबर में नोएडा एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन प्रस्तावित है। इसको देखते हुए निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। एक रनवे और एक टर्मिनल के साथ नोएडा एयरपोर्ट के पहले चरण में सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की संभालने की क्षमता होगी। वहीं चौथे चरण के पूरा होने के बाद एयरपोर्ट की क्षमता प्रतिवर्ष 7 करोड़ यात्रियों की होगी।

# दिल्ली में विशेष रामलीला कराएगी केजरीवाल सरकार

## सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर कसा तंज

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार शनिवार (20 जनवरी) से तीन दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन करने जा रही है। आईटीओ के पास स्थित प्यारेलाल ऑडिटोरियम में 22 जनवरी तक होने जा रही विशेष रामलीला सभी के लिए नि:शुल्क है। श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा शाम 4: 00 से 7: 00 बजे तक तीन घंटे रामलीला का लाइव मंचन किया जाएगा।

सरकार ने अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग आकर इस भव्य रामलीला मंचन का आनंद उठाएं। दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि पहले हमने प्रगति मैदान स्थित विशाल ऑडिटोरियम भारत मंडपम में भव्य रामलीला मंचन की अनुमति मांगी थी और किराया भी दे रहे थे, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी, यह बेहद दुखद है। खुद को प्रभु श्रीराम का हितैशी बताने वाली भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है। भाजपा नहीं चाहती है कि दिल्ली के लोग भगवान श्रीराम की भव्य रामलीला का आनंद ले सकें। भाजपा के इस घिनौने कृत्य में उसकी तुच्छ राजनीति साफ नजर आ रही है।

### भाजपा पर सौरभ भारद्वाज ने लगाया आरोप

दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि यह बड़ा ही दु:खद है कि खुद को श्रीराम का हितैषी बताने वाली भारतीय जनता पार्टी का चरित्र पर्दे के सामने कुछ और



है तथा पर्दे के पीछे कुछ और है।

उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली सरकार का हिंदी अकादमी विभाग इस योजना पर काम कर रहा था कि भारत के अंदर सबसे चर्चित कला केंद्रों में से एक श्रीराम भारतीय कला केंद्र जो कि पिछले 6 दशकों से बड़े ही सुंदर और भव्य रामलीला का मंचन करता आ रहा है, जिसके तहत श्रीराम भारतीय कला केंद्र लगभग 3 घंटे की एक रामलीला के प्रोग्राम का आयोजन करता है।

इस बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिशा-निर्देशन में दिल्ली के लोगों के लिए भी दिल्ली सरकार श्रीराम भारतीय कला केंद्र के माध्यम से तीन दिवसीय भव्य रामलीला कार्यक्रम का आयोजन करे, लेकिन केंद्र में बैठी भाजपा सरकार जो दिल्ली के लोगों से लगातार अलग-अलग तरह से अपनी हार का बदला लेने में लगी हुई है, उसे दिल्ली के लोगों का भव्य रामलीला देखना भी गवारा ना हुआ।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि चूंकि यह रामलीला बहुत ही भव्य और सुंदर होती है।

इसलिए दिल्ली सरकार की यह कोशिश थी कि दिल्ली के ज्यादा से ज्यादा लोग इस भव्य रामलीला का आनंद ले सकें। इस बाबत दिल्ली सरकार ने प्रगति मैदान स्थित एक बड़े ऑडिटोरियम भारत मंडपम की बुकिंग करने के लिए आवेदन पत्र दिया था, लेकिन भाजपा शासित केंद्र सरकार के आईटीपीओ विभाग ने दिल्ली सरकार को कई दिनों तक गुमराह करने के बाद उसे बड़े ऑडिटोरियम में भव्य रामलीला का मंचन करने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि दिल्ली के लोग भगवान श्रीराम की भव्य रामलीला का आनंद ले सकें।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार का यह रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह के आचरण से तुच्छ राजनीति की बू आती है। उन्होंने कहा कि भगवान राम तो सभी के भगवान हैं, हमारे भी हैं, उनके भी हैं, पूरी सृष्टि के भगवान हैं और भगवान श्रीराम के कार्यक्रम के लिए अपनी तुच्छ राजनीति के चलते जगह की अनुमति न देना बेहद ही शर्मनाक है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार की इस शर्मनाक करतूत के बावजूद भी दिल्ली सरकार हर हाल में भगवान श्रीराम की इस भव्य रामलीला का मंचन अवश्य कराएगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा किए जाने वाले इस भव्य रामलीला के मंचन के लिए आईटीओ चौराहे के नजदीक पुलिस हेड क्वार्टर के पिछले हिस्से की तरफ स्थित प्यारेलाल ऑडिटोरियम में आयोजन का प्रबंध किया है। उन्होंने बताया कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 20, 21 और 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के तहत श्रीराम भारतीय कला केंद्र के कलाकारों द्वारा दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक 3 घंटे की एक लाइव रामलीला का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार की ओर से नि:शुल्क प्रस्तुत किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति बिना कोई शुल्क दिए प्यारेलाल ऑडिटोरियम में आकर इस भव्य रामलीला के मंचन का आनंद ले सकता है।

# पानी न देने पर रूम पार्टनर की गला घोंटकर हत्या, फिर पंखे से लटकाया शव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के निहाल विहार में इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां पीने का पानी नहीं देने पर रूम पार्टनर ने नाबालिग के साथ मिलकर एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव के गले में रस्सी बांधकर उसे छत से लटका दिया। मृतक की पहचान यूपी हरदोई निवासी रचित के रूप में हुई। गले पर घोंटने का निशान मिलने पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने घटना के बाद से फरार रचित के रूम पार्टनर यूपी के हरदोई निवासी अभय कांत मिश्रा और उसके नाबालिग परिचित को पकड़ लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11 जनवरी को लक्ष्मी पार्क इलाके में एक युवक द्वारा खुदकुशी करने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक का शव पंखे की रॉड से लटका हुआ है। छानबीन के दौरान छत की लंबाई ज्यादा होने और आसपास कोई टूल वगैरह नहीं होने की वजह से पुलिस को शक हुआ।

पुलिस ने शव को नीचे उतार कर उसकी जांच की। इस दौरान पुलिस को उसकी गर्दन पर निशान मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। मौके पर छानबीन के दौरान मकान मालिक ने बताया कि रचित और उसके दो रूम पार्टनर इलाके में स्थित एक ट्रांसफार्मर बनाने वाली कंपनी में काम करते थे। पुलिस ने पाया कि घटना के बाद से दोनों रूम पार्टनर गायब हैं।

पुलिस ने उसके साथ रहने वाले अभयकांत के मोबाइल पर संपर्क किया। लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद था। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया। जिसमें पता चला कि वह हरदोई में मौजूद है। पुलिस टीम ने वहां दबिश देकर नाबालिग और आरोपी अभयकांत को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वारदात के समय तीनों शराब के नशे में थे। उन लोगों ने मृतक से पीने का पानी देने के लिए कहा। पानी नहीं देने पर उनका झगड़ा हो गया और इस दौरान उन लोगों ने रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

## गाजियाबाद में दंगा नियंत्रण रिहर्सल, सड़कों पर फ्लैग मार्च

गाजियाबाद। श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर गाजियाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। एक तरफ जहां पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण का रिहर्सल हुआ, वहीं दूसरी तरफ कई इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर भी कड़ी सुरक्षा कर दी गई है। बॉर्डर से सटे इलाकों में अपराधिक और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। एसीपी सलोनी अग्रवाल के नेतृत्व में संवेदनशील क्षेत्र डासना में शुक्रवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस दंगा नियंत्रण के सभी संसाधनों से लैस दिखी। पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर ताकत का अहसास कराया और असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी।

## सिसोदिया को कोर्ट से राहत नहीं, पांच फरवरी तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में सीबीआई से जांच की ताजा स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने आप नेता मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपी व्यक्तियों की न्यायिक हिरासत भी पांच फरवरी तक बढ़ा दी है।



### 26 फरवरी को गिरफ्तारी, कैबिनेट से इस्तीफा

बता दें कि सिसोदिया को 26 फरवरी को घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। तब से वह हिरासत में हैं। ईडी ने तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ के बाद 9 मार्च को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने 28 फरवरी को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

गौरतलब है कि इस मामले में विपक्षी दल भाजपा और दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी के बीच जमकर सियासी बयानबाजी भी होती है।

मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लग चुका है। घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने समीक्षा याचिकाएं खारिज की थीं।

## ''सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रमों के तहत संवाद किया



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को ''सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रमों के तहत खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धरारी, बिचौला, फराना, नगला महीउद्दीनपुर, ढाकर निजामपुर, इक्का ताजपुर उर्फ सिकरा, समसपुर, मधुपुरा में प्रिय निवासियों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार पुन: आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कमल खिलाने की आह्वान किया। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि 2024 में पुन: तीसरी बार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करें। इस क्षेत्र का विकास आप लोगों के आशीर्वाद एवं सहयोग से ही मुझे ताकत मिली और मेरे द्वारा हमारे सभी सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सभी ने अपनी निधि का उपयोग क्षेत्र के विकास में किया। डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को मिल रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या से सनातन की सूरत पूरी दुनिया में फैलेगी। आप सभी राम भक्त एवं सभी जनमानस से आग्रह है कि अयोध्या में भगवान श्री राम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर दिवाली की तरह अपने घरों को जगमगाये एवं दीप जलाये। इस कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि खुर्जा सत्य प्रकाश सिंह, माननीय विधायक खुर्जा श्रीमती मीनाक्षी सिंह, पूर्व विधायक श्री बिजेन्द्र सिंह खटीक, श्री भगवान दास सिंघल, श्री धर्मेन्द्र भाटी आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## फर्जी कागजात से धोखाधड़ी कर लाखों कमाने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार

इंदिरापुरम। डीसीपी ट्रांस हिंडन की स्वाट टीम ने फर्जी कागजात से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये कमाने वाले 25 हजार के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। इंदिरापुरम पुलिस उसे काफी समय से तलाश रही थी। पुलिस उसके साथियों को तलाश रही है ।डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि ह्देश चौहान निवासी जज कॉलोनी वैशाली को कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उस पर 30 अक्तूबर 2023 को गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। वह तभी से पुलिस से बचते हुए अलग-अलग जगह भाग रहा था। पता चला कि वह एक संगठित गिरोह बनाकर फर्जी कागजात से अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को धोखा देकर आर्थिक लाभ कमाता है। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और गौतमबुद्धनगर के नॉलेज पार्क थाने में विभिन्न धारा के तहत तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# दिल्ली में अभी रहेगी कड़ाके की ठंड, बर्फीली हवाओं के साथ कोल्ड डे का अनुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को दिनभर बर्फीली हवाएं चलेंगी। सुबह के समय बेहद घना कोहरा रहने का भी अनुमान है। मौसम विभाग ने शीत दिवस की घोषणा करते हुए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, रविवार को भी शीत दिवस रहने के कारण येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, धूप निकलने के बावजूद शुक्रवार को सुबह से लेकर रात तक ठिठुरन बनी रही। दिल्ली का अधिकतम तापमान 14.2 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से पांच डिग्री कम है।

इसे गंभीर शीत दिवस की श्रेणी में माना जाता है। न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम है। एसपीएस मयूर विहार दिल्ली का सबसे ठंडा इलाका रहा जहां अधिकतम तापमान 11.9 डिग्री दर्ज



किया गया। वहीं, लोधी रोड का अधिकतम तापमान 13 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया।

शनिवार को राजधानी दिल्ली का अधिकतम तापमान 15 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सात डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। सुबह के समय दिल्ली में दृश्यता शून्य रह सकती है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं, रविवार को भी दिल्ली में अधिकतम तापमान 16 डिग्री के आसपास रहेगा। इसके चलते मौसम में ठंडक बनी रहेगी। आगामी 23 जनवरी के बाद मौसम में सुधार आने की संभावना है।

### कोहरे के कारण रेल एवं हवाई सेवा प्रभावित

शुक्रवार को भी कोहरे का बड़ा असर रेल एवं हवाई सेवा पर देखने को मिला। विभिन्न राज्यों से दिल्ला आने वाली 50 से ज्यादा रेलगाड़ियां देरी से राजधानी पहुंची जबकि 12 से ज्यादा रेलगाड़ियां देरी से रवाना हो की गईं। कई गाड़ियां शुक्रवार को चार से छह से घंटे की देरी से दिल्ली के स्टेशनों तक पहुंचीं।

उधर, दिल्ली एयरपोर्ट पर भी शुक्रवार को 70 से ज्यादा विमानों ने देरी से उड़ान भरी जबकि लगभग छह विमानों की यात्रा रद्द हो गई।

# मेवाड़ में गुरु गोविन्द सिंह जयंती मनाई गई

## गुरु गोविन्द सिंह पाप, अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध लड़े : डॉ.गदिया

गाजियाबाद। 'श्री गुरु गोविन्द सिंह ने जितने भी युद्ध लड़े वे जातियों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सुरक्षा तथा पाप, अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध लड़े। इसलिये श्री गोविन्द सिंह दूरदर्शी, महान विचारक, योद्धा, महापुरुष और दलितोद्धारक थे। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने विवेकानंद सभागार में आयोजित गुरु गोविन्द सिंह जयंती समारोह में ये विचार व्यक्त किए। मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस के शिक्षण स्टाफ एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व के



इतिहास में गुरु गोविन्द सिंह जैसा महान बलिदानी पैदा नहीं हुआ। देश के लिए उन्होंने अपने पिता व बच्चों का बलिदान तक कर दिया। वह अन्याय के प्रति संघर्ष करते रहे मगर अपनी कौम की आन, बान और शान को नहीं छोड़ा। वह परिवार बलिदान हो जाने के बावजूद टूटा नहीं, बल्कि दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया। उनका संघर्ष किसी एक समुदाय विशेष के साथ नहीं बल्कि अत्याचारियों के खिलाफ था। डॉ. गदिया ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह समाज प्रवर्तक थे। सभी जातियों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने खालसा पंथ बनाया। उनका मानना था कि हर परिवार का एक सदस्य सिक्ख जरूर बने। लेकिन उनकी यह परम्परा आगे तक न चल सकी। अगर उनकी सोच को हम लोग बल देते तो देश का नक्शा आज विश्व में अनूठा होता। इस अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में अंजलि वालिया, दीपिका मंडोला, धर्मेन्द्र, सौरभ, श्वेता, सुरभि जैन आदि विद्यार्थियों ने शबद-कीर्तन, कविताओं, सम्भाषण के जरिये गुरु गोविन्द सिंह के आदर्शों व जीवन पर प्रकाश डाला।

# पीजी में रहने वाले स्टूडेंट्स ने युवक पर किया हमला

जेवर। दनकौर कस्बा निवासी एक व्यक्ति को अपने घर के पास आपस में विवाद कर रहे कुछ स्टूडेंट्स का विरोध करना महंगा पड़ गया। आरोप है कि गुस्साए स्टूडेंट्स ने लोहे के पंच से हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली में शुक्रवार को मामले की शिकायत की है। कस्बे के गढ़ी मोहल्ला निवासी विपिन नागर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनके घर के पास एक पीजी है। जिसमें सैकड़ों स्टूडेंट रहते हैं। उनका कहना है कि घर के सामने खड़े होकर कुछ स्टूडेंट शुक्रवार को आपस में गाली-गलौज कर रहे थे। जिसके चलते उन्होंने अपने घर से आगे से उनको हटने के लिए कहा। इसी बात से गुस्साए कुछ स्टूडेंट्स ने उनके साथ मारपीट करते हुए लोहे के पंच से हमला कर उनके सिर को लहूलुहान कर दिया। लहूलुहान स्थिति में पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है। मोहल्ले में रहने वाले अन्य लोगों का कहना है कि पीजी में रहने वाले स्टूडेंट्स देर रात तक वहां पर आपस में अभद्रता करते रहते हैं। इसकी वजह से आसपास के रहने वाले लोग भी काफी परेशान हैं। शिकायत पर पुलिस जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है। कस्बे के लोगों को कहना है कि कई जगहों पर पीजी बनी हुई है। जहां पर इसी तरह स्टूडेंट द्वारा आसपास के लोगों से भी रात के वक्त शराब के नशे में अब अभद्रता की जाती है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में हुआ 'मोदी@डीयू' पुस्तक का विमोचन

## दस्तावेज़ीकरण की सुव्यवस्थित परंपरा स्थापित होना जरूरी



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आधुनिक भारत के अंदर दस्तावेज़ीकरण की परंपरा बहुत ज्यादा स्थापित नहीं है और हम चीजों के दस्तावेजीकरण में चूक जाते हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है पहले यह परंपरा भारत में सुव्यवस्थित रही हो, लेकिन अब इसे सुव्यवस्थित तरीके से स्थापित करने की जरूरत है। कुलपति दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. के.पी. सिंह द्वारा लिखित पुस्तक मोदी@डीयू के विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि यह पुस्तक दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह का दस्तावेजीकरण है। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि जब दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के आयोजन पर चर्चा हुई तो हमने कोशिश की कि विश्वविद्यालय के 25 वर्ष, 50 वर्ष और 75 वर्ष पूरे होने पर जो कार्यक्रम हुए होंगे, उनसे संबंधित दस्तावेजों को देखा जाए ताकि कार्यक्रम के आयोजन में सहायता मिल सके; लेकिन उन कार्यक्रमों को लेकर कोई अधिक जानकारी विश्वविद्यालय में उपलब्ध नहीं हुई।

इसलिए निर्णय लिया गया कि शताब्दी वर्ष के आयोजन को लेकर इससे संबंधित सभी कार्यक्रमों और चीजों का दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए।

उक्त पुस्तक उसी कड़ी में एक अच्छा दस्तावेज़ है जो आगामी वर्षों में बहुत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने पुस्तक की सामग्री की चर्चा करते हुए कहा कि इसके अंदर चित्रों से लेकर लिखित रूप में भी काफी रोचक सामग्री संग्रहीत की गई है। कुलपति ने कहा कि इस पुस्तक में दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और 100 वर्षों के इतिहास की कहानी है।

नई दिल्ली
शनिवार 20 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

## संपादकीय

# नई शिक्षा नीति सवालों के घेरे में

ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की दशा को अनेक अध्ययनों में चिंता जाहिर की जाती और उन्हें सुधारने के सुझाव दिए जाते रहे हैं।

शिक्षा का अधिकार कानून बना तो भरोसा जगा था कि न सिर्फ सभी बच्चों तक पढ़ाई-लिखाई की सुविधा का विकास होगा, बल्कि इसके स्तर में भी सुधार होगा। मगर पिछले कुछ वर्षों से शिक्षा संबंधी वार्षिक रिपोर्ट में यह तस्वीर कुछ निराशाजनक ही देखी जा रही है। प्राथमिक कक्षाओं के दाखिले में जरूर कुछ वृद्धि दर्ज हुई है, मगर चौदह साल से अधिक उम्र के बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर पर काबू पाना कठिन बना हुआ है।

सबसे चिंताजनक स्थिति है कि बच्चों में बुनियादी पाठ तक पढ़ पाने की क्षमता का विकास नहीं हो पा रहा। शिक्षा की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि चौदह से अठारह वर्ष आयुवर्ग के करीब सतासी फीसद बच्चे शैक्षणिक संस्थानों में पंजीकृत हैं, मगर उनमें से पच्चीस फीसद छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में कक्षा दो के स्तर की पाठ्य सामग्री भी धाराप्रवाह नहीं पढ़ पाते।

गौरतलब है कि शिक्षा संबंधी वार्षिक रिपोर्ट ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई-लिखाई के स्तर का मूल्यांकन करने के मकसद से तैयार की जाती है। इसमें मुख्य रूप से बच्चों के पंजीकरण, पाठ पढ़ने और बुनियादी अंकगणित की क्षमता का आकलन किया जाता है। इन सभी स्तरों पर चिंताजनक स्थिति है।

सबसे अधिक चिंता चौदह से अठारह वर्ष आयुवर्ग के बच्चों की शिक्षा के स्तर को लेकर जताई गई है। इस आयुवर्ग के बत्तीस फीसद से अधिक बच्चे किसी शैक्षणिक संस्था में पंजीकृत नहीं हैं। जो पंजीकृत हैं, उनमें से ज्यादातर की सीखने और कौशल विकास की क्षमता काफी कमजोर है। इस आयुवर्ग की लड़कियों के पंजीकरण में काफी गिरावट नजर आई है। इसकी कुछ वजहें स्पष्ट हैं।

अधिकतर बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने का बड़ा कारण परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होना रहा है। उसके बाद स्कूलों की स्थिति ठीक न होना, उनमें बुनियादी सुविधाओं का अभाव आदि अनेक कारण हैं। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कोविड के बाद बहुत सारे निजी स्कूलों के स्थायी रूप से बंद हो जाने और लोगों की वित्तीय स्थिति ठीक न होने की वजह से बड़ी संख्या में बच्चे सरकारी स्कूलों में वापस लौटे हैं।

मगर वहां उन्हें फिर उन्हीं स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, जो दस-बारह साल पहले करना पड़ता था। यानी शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। इस तरह युवाओं में कौशल विकास का संकल्प एक बड़ी चुनौती लगता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की दशा को अनेक अध्ययनों में चिंता जाहिर की जाती और उन्हें सुधारने के सुझाव दिए जाते रहे हैं। मगर राज्य सरकारें इस तरफ अब तक गंभीर नजर नहीं आतीं। बहुत सारे स्कूलों में छात्रों के अनुपात में अध्यापक तो दूर, एक या दो अध्यापकों से काम चलाना पड़ता है। कई राज्यों ने अध्यापकों की कमी दूर करने के लिए अनुबंध आधार पर पैरा शिक्षकों की भर्ती का रास्ता अख्तियार कर लिया है।

नियमित अध्यापकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लगा दिया जाता है। इस तरह अध्यापकों को जितना ध्यान विद्यार्थियों को पढ़ाने और उनके व्यक्तित्व विकास पर देना चाहिए, वे नहीं दे पाते। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम का बोझ कम करने और विद्यार्थी की मूल प्रतिभा को निखारने, उसमें कौशल विकास कर रोजगार की ओर उन्मुख करने पर बल है।

मगर जब बच्चे प्राथमिक स्तर की पुस्तकें पढ़ और अंकगणितीय समस्याएं सुलझा पाने में भी फिसड्डी साबित हो रहे हैं, तो उनसे नई शिक्षा नीति पर खरे उतरने की कितनी उम्मीद की जा सकती है।

# पाकिस्तान और ईरान आमने- सामने

पाकिस्तान और ईरान के बीच विवाद नया नहीं है। दोनों के बीच करीब नौ सौ किलोमीटर की साझा सीमा है, जिसके दोनों तरफ बलूच समुदाय के लोग रहते हैं और वे दोनों मुल्कों के खिलाफ हैं।

पाकिस्तान और ईरान ने एक-दूसरे की जमीन पर हमले कर एक नए संघर्ष को जन्म दे दिया है। हालांकि अब दोनों देश संतुलित प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उनका दावा है कि वे इस संघर्ष को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। मगर इससे विश्व राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। ये हमले ऐसे वक्त में हुए हैं, जब दोनों देश अपनी सीमा में सक्रिय अलगाववादी समूहों को खत्म करने के लिए साझा रणनीति पर काम करने के लिए सहमति बना रहे थे।

दावोस में ईरान के विदेश मंत्री जब पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री से मिले तो दोनों ने इसी मसले पर बातचीत की। मगर उसके एक दिन बाद ही ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान इलाके में हमला कर दिया। उसके जवाब में दो दिन बाद पाकिस्तान ने भी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान वाले इलाके में गोले दाग दिए। दोनों का दावा है कि उन्होंने उन इलाकों में सक्रिय अलगाववादी समूहों को खत्म करने के मकसद से हमला किया, उनका लक्ष्य नागरिक ठिकाने कतई नहीं थे। हालांकि मीडिया रिपोर्टों में खुलासा हुआ है कि इन हमलों में दोनों तरफ के नागरिक भी मारे गए और घायल हुए हैं।

हालांकि पाकिस्तान और ईरान के बीच विवाद नया नहीं है। दोनों के बीच करीब नौ सौ किलोमीटर की साझा सीमा है, जिसके दोनों तरफ बलूच समुदाय के लोग रहते हैं और वे दोनों मुल्कों के खिलाफ हैं। वे अपना स्वायत्त शासन चाहते हैं। उन इलाकों में सक्रिय आतंकवादी संगठन दोनों देशों पर हमले करते रहे हैं। पिछले महीने ही जैश अल-अदल आतंकी संगठन ने ईरान के सुरक्षा बलों पर हमला किया था, जिसमें ग्यारह ईरानी पुलिस मारे गए थे। इसी तरह पाकिस्तान पर भी अलगाववादी हमले करते रहे हैं। ईरान का कहना है कि उसके खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों के ठिकाने पाकिस्तान वाले इलाके में हैं। इसलिए उसने उन पर हमला किया। पाकिस्तान ने भी इसी तर्क पर ईरान की जमीन पर हमला किया। जबकि हकीकत यह है कि ईरान के हमले के बाद पाकिस्तान के लोगों में खासी नाराजगी उभरी थी और चुनाव के माहौल में वहां की सरकार उस हमले को नजरअंदाज नहीं कर सकती थी। उसने ईरान पर जवाबी हमला कर दिया।

हालांकि अगर दोनों का मकसद आतंकवादी समूहों पर काबू पाना होता, तो साझा रणनीति के तहत आगे बढ़ते। मगर ईरान की मंशा इससे बिल्कुल अलग है। पाकिस्तान पर हमले से पहले उसने इराक और सीरिया की जमीन पर भी गोले दागे थे। इससे साफ है कि वह उस इलाके में अपना वर्चस्व कायम करना चाहता है।

विचित्र है कि दोनों देश आतंकवाद के सफाए के नाम पर एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े हो गए हैं, जबकि ये खुद दूसरे देशों में आतंकवाद को बढ़ावा देते रहे हैं। पाकिस्तान की भारत को अस्थिर करने की कोशिशें छिपी नहीं हैं। ईरान को अपने खिलाफ सिर उठाने वाले बलूच विद्रोही तो पसंद नहीं, पर वह खुद इजराइल के खिलाफ लड़ रहे हिजबुल्ला और यमन में होथी विद्रोहियों का खुला समर्थन करता है।

ईरान और पाकिस्तान के बीच ताजा हमलों से पैदा तनाव बेशक कुछ समय में सामान्य हो जाए, पर अमेरिका और इजराइल की नाराजगी उसके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। आतंकवाद को लेकर दो तरह का नजरिया नहीं हो सकता।

जब तक ये दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ साफ मन से मैदान में नहीं उतरते, तब तक बलूचिस्तान में धधक रही आतंकवाद की आग पर काबू पाना उनके लिए कठिन बना रहेगा।

# स्कूली शिक्षा की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा



-ललित गर्ग-



नया भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करने का मुख्य आधार शिक्षा है, लेकिन भारत की ग्रामीण शिक्षा को लेकर आयी एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ग्रामीण) 2023 चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। इस सर्वे में ग्रामीण भारत में छात्रों की स्कूली शिक्षा और सीखने की स्थिति की तस्वीर बयां की गई है, ग्रामीण शिक्षा की इन निराशाजनक स्थितियों पर गौर करना जरूरी है। यह सर्वे 26 राज्यों के 28 जिलों में किया गया और 34,745 युवाओं तक इस सर्वे की पहुंच रही। ग्रामीण छात्रों ने जो तथ्य एवं सच्चाई व्यक्त की है, उसके अनुसार 14 से 18 आयु वर्ग के बच्चे अपनी क्षेत्रीय भाषा में दूसरी कक्षा के स्तर तक का पाठ नहीं पढ़ पाते। इस उम्र के तीसरी-चौथी क्लास के गणित के सामान्य से प्रश्नों को हल न कर सकें तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जा सकती। ग्रामीण युवाओं की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है।

चिंता की बात यह भी है कि नई शिक्षा नीति में खास तौर से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार के प्रावधान की बातें बहुत हो रही है, लुभावनी योजनाएं बन रही हैं, लेकिन उनके परिणाम जमीन पर उतरते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। यह हमारी नीतियों की पौल खोल रहा है या नीति-निर्माता की सोच में धुंधलापन है? जिंदगी का गुणा-भाग सिखाने वाली शिक्षा में जब बच्चों को गणित की सामान्य जोड़-बाकी भी नहीं आ पा रही हो तो इसे क्या कहेंगे? यही ना कि स्कूली शिक्षा के प्रसार की बातें भले ही जोर-शोर से की जा रहीं हों लेकिन इनमें सुविधाएं अपर्याप्त हैं या नई शिक्षा नीति को बनाने में कोई कमी है। यह भी हो सकता है कि साधनों के अभाव एवं दक्ष-प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी के कारण हम नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर पा रहे हैं। बेहतर शिक्षा देने का हमारा लक्ष्य कहीं-ना-कहीं भटका हुआ है।

इस सर्वे रिपोर्ट में गांवों की सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाएं दोनों के बच्चों को शामिल किया गया है। यही नहीं इस सर्वे में जिन विद्यार्थियों को शामिल किया गया, उनमें 90 फीसदी से ज्यादा ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया है। स्मार्ट फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए ज्यादा और पढ़ाई के लिए कम होने लगा है। साफ है शिक्षा के प्रसार के लिए मोबाइल व कम्प्यूटर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल सकारात्मक रूप से नहीं हो पा रहा है। अधिकांश बालक-बालिकाएं कम्प्यूटर या मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी नजर आते हैं। हालात बदलने के लिए न केवल प्रशिक्षित शिक्षकों की स्कूलों में भर्ती जरूरी है, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में भी शिक्षा की पहुंच को आसान किया जाना भी अपेक्षित है। देश-दुनिया ने कोरोना महामारी की जबर्दस्त चुनौती झेली है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई तो कोरोना काल में लगभग ठप ही हो गई थी। ऐसे दौर में जब पहले ही बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए कठिन प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतियों सामना करना पड़ रहा है, उनकी नींव को कमजोर रखना चिंताजनक है। जिम्मेदारी सरकारों की ज्यादा है, जिन्हें इस दिशा में अभी काफी काम करना है। शिक्षण संस्थाओं के प्रसार की दिशा में भले ही हम प्रगति कर रहे हों, लेकिन यह साफ है कि शिक्षा डिजिटल तकनीक माध्यम से देने में हम असफल रहे हैं। सर्वे में एक और खास बात निकलकर सामने आई है कि वोकेशनल ट्रेनिंग में अभी ग्रामीण युवा पीछे हैं। सर्वे में शामिल युवाओं में केवल 5.6 प्रतिशत ही वोकेशनल ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसी रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि करीब एक तिहाई बच्चे 12वीं से आगे नहीं पढ़ते। लड़कों के मामले में ड्रॉप आउट की सबसे बड़ी वजह रुचि की कमी पाई गई तो लड़कियों के मामले में पारिवारिक मजबूरी।

आधुनिक शिक्षा के सामने आज अनेक चुनौतियां हैं। छात्र जहां अनेक कारणों से बीच में ही पढाई छोड़ देने को मजबूर है, वही कुछ छात्र शिक्षा की चुनौतियों को झेल नहीं पाने के कारण आत्महत्या तक कर रहे हैं। जबकि हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करने का सशक्त माध्यम है। हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है।

आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। इस बड़ी विसंगति को दूर करने की दृष्टि से वर्ततान शिक्षा नीति में व्यापक चिन्तन-मंथन किया गया है, लेकिन उसका असर सामने न आना हमें शिक्षा पर नये सिरे से सोचने को मजबूर कर रहा है। भले ही यह आशा की जा रही है कि नयी शिक्षा नीति में शिक्षा की इन कमियों एवं अपूर्णताओं के दूर होने संभावनाएं हैं। लेकिन इसके लिये आधुनिक शिक्षा एवं शिक्षकों को समग्र दृष्टि से परिपक्व बनाना होगा, तभी शिक्षा की कमियां दूर हो सकेगी और नयी शिक्षा नीति के प्रभावी परिणाम आ सकेंगे। अन्य कलाओं की भांति शिक्षण भी एक महत्वपूर्ण कला है, शिक्षक उस कलाकार के समान होता है, जो अनगढ़ पत्थर को तराशकर पूज्य प्रतिमा एवं समग्र व्यक्तित्व का निर्माण करता है। यही शिक्षक छात्रों में जटिल शिक्षा की चुनौतियों को स्वीकार करने के लिये तैयार कर सकते हैं।

वर्तमान में शिक्षण-कौशल एवं शिक्षण विधियों पर बहुत अनुसंधान हो रहा है। एक अध्यापक स्रष्टा की भांति समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करके समाज द्वारा उत्पन्न शून्य को भरने का प्रयत्न कर सकता है, यदि उसके दायित्व में कमी रहती है तो उसे क्षम्य नहीं माना जा सकता। सच्ची शिक्षा-संस्कृति इंजीनियरों और टेकनीशियनों पर नहीं, अपितु शिक्षकों पर आधारित होती है। अब शिक्षक एवं शिक्षा-नीति एक क्रांतिकारी बदलाव की ओर अग्रसर हो। शिक्षक एवं शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य अब प्राप्त हो। अनेकानेक विशेषताओं के बावजूद अब तक शिक्षक का पद धुंधला रहा था। जैसाकि महात्मा गांधी ने कहा था-एक स्कूल खुलेगी तो सौ जेलें बंद होंगी। पर उल्टा होता रहा है। स्कूलों की संख्या बढ़ने के साथ जेलों के स्थान छोटे पड़ते गये हैं। जेलों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ रही है। स्पष्ट है- हिंसा और अपराधों की वृद्धि में मैकाले की शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षक भी एक सीमा तक जिम्मेदार है। शिक्षा के प्रति छात्रों में जुनून एवं जोश पैदा न होना शिक्षा नीति की बड़ी खामी है। शिक्षा समग्रता से छात्रों का जीवन-निर्माण नहीं कर पारही है, यही कारण है कि अशिक्षित और मूर्ख की अपेक्षा शिक्षित और बुद्धिमान अधिक अपराध करते रहे हैं। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में जो तनाव, टकराव और बिखराव की घटनाएं घटित होती रही हैं, उसके मूल में संकीर्णता और ईर्ष्या की मनोवृत्ति भी एक बड़ा कारण है। व्यक्तित्व का टकराव भी इसी कारण बढ़ा है। क्या कारण है कि नयी पीढ़ी के निर्माण में ऐसी त्रुटियां के बावजूद सरकारें कुंभकरणी निद्रा में रही, शिक्षक क्यों नहीं एक सर्वांगीण गुणों वाली पीढ़ी का निर्माण कर पाएं? इसका कारण दूषित राजनीतिक सोच रही है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। अब नयी शिक्षा नीति के माध्यम से सम्यक् चरित्र, सम्यक् सोच एवं सम्यक् आचरण का निर्माण हो, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति आकर्षण पैदा हो, विश्व गुरु एवं दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने वाले भारत की विकास यात्रा पर एक धुंधलका बना रहेगा।

# सनातनी सत्य और आध्यात्मिक विचारधारा

भारतवर्ष सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता है और अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता रहा है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है।

वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए।

अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।

वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है।

धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है।

## रिश्तो की गर्मी से पिघलता वह

रिश्तो की गर्मी से पिघलता वह ,
रिश्तो की गर्मी से पूरा का पूरा,
पिघल सा गया था,
उसे वहां बैठना,
अच्छा लग रहा था ना ही बुरा,
पर समझ नहीं पाया था,
बुरा और अच्छे के बीच का एक
रास्ता था, कम अच्छा,ज्यादा बुरा ,
उसका दिमाग कुंद हो गया था ,
उसके विचार गोलाकार सिकुड़ गए
थे, जिसमें तमाम जंतु बिलबिला रहे
थे, फिर विचार
दिमाग में तैरने लगे थे,
इससे पहले कि वह डूबते,
विचारों का आना बंद हो गया
अभी भी उसका पिघलना जारी था
उसे लगा वह पिघलते पिघलते,
फर्श पर रेंगता हुआ कई पायो वाला,
लंबा जंतु बन गया ,
जीसका सिर्फ शरीर ही
चलता
विचार और सोच नहीं,
बड़ी-बड़ी आंखें हो गई थी
सोफे के किनारे साफ-साफ
दिखाई दे रहे थे,
पर उसे रिश्तो की बेवफाई और
बेरहमी नहीं दिखाई दे रही थी,
इंतजार में पिघलना जारी था,
विचार अब फन काढ़े सांप
होना चाह रहे थे
ऐसे विचार जो खुद को
डस लेते , अब भी पिघलना जारी था,
अब कुत्सित विचार पिघल चुके थे।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# गर्भग्रह में अपने आसन पर विराजे राम लला



देश में 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा लाइव देखने का वैश्विक रिकॉर्ड बन सकता है

पांच शताब्दियों से इंतजार वाले दिनपर सरकारी गैर सरकारी, औद्योगिक, व्यापारिक संगठनों को पूर्ण अवकाश की घोषणा स्वत:संज्ञान लेकर करना समय की मांग- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

.


गोंदिया - वैश्विक स्तरपर शायद ही कोई ऐसा देश होगा जिसमें प्रभु श्रीराम का नाम ना लिया गया हो या कोई इसे नहीं जानता ना हो, यह मेरी मेरा अटूट विश्वास इसलिए भी है कि शायद ही ऐसा कोई देश होगा जहां मूल भारतीयों का वास नहीं हो और उस मूल भारतीय में प्रभु श्री राम के प्रति आस्था ना हो, क्योंकि प्रभु श्री राम कण कण में विराजमान है। भारत में 22 जनवरी 2024 का दिन 5 शताब्दियों से भी अधिक समय के बाद आ रहा है जब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी, क्योंकि दिनांक 18 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम को आसन पर विराजमान कर दिया गया है। अब बारी उनकी प्राणप्रतिष्ठा की जाएगी, पूजा और विधि विधान से प्रभु श्रीराम के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा जाएगी। यानें प्राण प्रतिष्ठा के बाद वह मूर्ति नहीं, बल्कि साक्षात प्रभु श्री राम जिसके विधि विधान से प्राण हग दिए गए हैं अदृश्य रूप से हाजरा हजूर हो जाएंगे यानी उनका मानवीय प्राण साक्षात मानवीय प्राण साक्षात हो जाएंगे इस पल की प्रतीक्षा मानवीय जीव पीडिया से कर रहा था कृपाल से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने के बाद अब यह अवसर आया है तो हम सबको मिलकर इस पल को ऐसा ऐतिहासिक सजीव चित्रण कर रखना है कि आने वाली सैकड़ो पीडिया में यह दिन की गाथा एक स्वर्ण गाथा बन जाए इसके लिए भारत के ही नहीं अपितु सारी दुनिया के सारी दुनिया में बसे मूल भारतीयों को अपना योगदान देना होगा अभी 18 जनवरी 2024 को देर शाम केंद्र सरकार ने 2.30 तक आधे दिन की छुट्टी घोषित की है जो मेरा मानना है की धार्मिकता के साथ पूर्ण इंसाफ नहीं है बल्कि पूरी छुट्टी की घोषणा करने की जरूरत को रेखांक आईटी किया जा सकता है इसके साथ ही मेरा एक विशेष सुझाव और निवेदन अन्य राज्य सरकारों केंद्र शासित प्रदेशों सरकारी गैर सरकारी संस्थान औद्योगिक व्यापारिक व्यावसायिक संस्थानों प्रतिष्ठान ऑन से के केंद्रीय संगठनों से अपील है के स्वेटर संज्ञान लेकर एक अपील जारी की जाए कि 22 जनवरी 2024 को सभी संगठन संस्थान बंद रखें ताकि वह स्वयं उनके उनके कर्मचारी इत्मीनान से प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को अपने घरों में बेफिक्र होकर लाइव देख सकें प्रभु श्री राम के दर्शन कर सके। जीवन का हर दिन तो हम जीते ही रहते हैं परंतु यह दुर्लभ दिन 22 जनवरी 2024 को हम अपने जीवन के अनमो दिन के रूप में अवकाश घोषित कर इसे स्वर्णिम दिन बनाएं उम्मीद है मेरी इस अपील को सभी संगठन स्वीकार करने को रेखांकित करेंगे। चूंकि प्रभु श्री राम 18 जनवरी 2024 को गर्भ ग्रह में अपने आसन पर विराजमान हो गए हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पांच शताब्दियों से इंतजार वाले दिन पर सरकारी गैर सरकारी औद्योगिक व्यापारिक व्यवसायिक संगठनों को पूर्ण अवकाश की घोषणास्वत: संज्ञान से करना समय की मांग है।साथियों बात अगर हम सभी संस्थाओं संगठनों से 22 जनवरी 2024 को पूर्ण अवकाश करने के स्वत:संज्ञान अपेक्षा की करें तो, राम मंदिर जो पांच शताब्दियों के लंबे इंतजार के बाद पूर्ण हुआ है और जो बताता है कि विध्वंस से बड़ा पुनर्निर्माण होता है।अपनी जन्मभूमि पर जो राम वर्षों तक टाट के नीचे रहे, अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में गर्भगृह के भीतर विराजमान हो चुके हैं। इंतजार अब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का है। श्रीराम के अपने मंदिर में पहुंचने की प्रतीक्षा करते करोड़ों भक्त अब अपने भावों को रोक नहीं पा रहे हैं। गर्भगृह में आसन पर विराजे रामलला

अब राम जन्म भूमि के श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को 100 घंटे से भी कम बचे हैं। रामलला राम मंदिर के गर्भगृह में अपने आसन पर विराजमान हो गए हैं। अब सिर्फ प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बाकी है। 22 जनवरी को देश में सभी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एकरूप में देख सकें, इसलिए गुरुवार को केंद्र सरकार ने भी एलान कर दिया कि 22 जनवरी को आधे दिन की छुट्टी केंद्रीय दफ्तरों में रहेगी। इस ऐलान के बाद कयास लग रहे हैं कि, 22 जनवरी को देश में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा लाइव देखने का एक बड़ा रिकॉर्ड भी बन सकता है। इन्हीं भावनाओं को समझते हुए देश में 22 जनवरी के लिए केंद्र से लेकर तमाम राज्य सरकारें बड़े फैसले लेने लगी हैं। फैसला प्राण प्रतिष्ठा के दिन देश में भक्तों के लिए फैसला 22 जनवरी को सबके भक्ति भाव के ध्यान का फैसला सोमवार को देश में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सुकून से देखने का, 22 जनवरी को दोपहर 12:20 से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा अब जब पीएम रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान यजमान बनेंगे, तब देश में कोई भी सदियों से प्रतीक्षा करते राष्ट्र के पल को देखने में अभागा न रहे। राममय माहौल वाले देश में 22 जनवरी को दोपहर 12.20 बजे से एक बजे तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूजा होनी है, उससे पहले भी कुछ पूजा समारोह होना है। यानी देखा जाए तो सुबह से लेकर दोपहर एक बजे तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करोड़ों लोगों देखना चाहेंगे, इसीलिए अब केंद्र सरकार ने अपने सभी कर्मचारियों को 22 जनवरी को आधे दिन की छुट्टी दे दी है। फैसला हुआ है कि 22 जनवरी को सुबह से लेकर दोपहर ढाई बजे तक देशभर में सरकारी कार्यालयों और केंद्र सरकार के स्कूलों-संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। भक्ति के इसी भाव में देश में प्राण प्रतिष्ठा का समारोह हर रामभक्त नागरिक देख सके, इसीलिए सिर्फ केंद्र सरकार ही नहीं बल्कि 22 जनवरी को यूपी में सभी दफ्तर बंद करने का आदेश सरकार ने पहले ही दे दिया।22 जनवरी को उत्तर प्रदेश में सभी स्कूल-कॉलेज भी बंद रहने वाले हैं।22 जनवरी को उत्तर प्रदेश में मांस और मदिरा यानी शराब की दुकानें भी बंद रहेंगी। मध्य प्रदेश: मध्य प्रदेश में प्राण प्रतिष्ठा के दिन स्कूलों में छुट्टी रहेगी।छत्तीसगढ़: छत्तीसगढ़ में सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है।गोवा: गोवा में सरकारी छुट्टी घोषित है। स्कूल, दफ्तर सब बंद रहेंगे।हरियाणा: हरियाणा में भी स्कूलों में छुट्टी 22 जनवरी को रहेगी।ओडिशा: ओडिशा में राज्य सरकार ने हॉफ डे की घोषणा की है. । गुजरात: गुजरात में 22 जनवरी को हॉफ डे घोषित किया गया है।बीजेपी शासित अन्य राज्यों में भी हो सकती है घोषणा संभव है कि केंद्र सरकार की तरफ से आधे दिन की छुट्टी प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखने के लिए देने का एलान होने के बाद अब पार्टी शासित राज्य और भी छुट्टी देने की घोषणा करें। खबर है कि पीएम ने सभी मंत्रियों से कहा कि वह 22 जनवरी को अपने घरों में ही दीपक जलाएं। गरीबों को खाना खिलाएं, दीवाली जैसा उत्सव मनाने को कहा गया है।

पीएम की तरफ से 22 जनवरी के बाद अपने अपने संसदीय क्षेत्रों के लोगों को अयोध्या के लिए ट्रेनों में रवाना करने के लिए भी कहा गया है। इसकी पूरी व्यवस्थान देखने और खुद भी ट्रेन में उनके साथ अयोध्या जाने के निर्देश दिए गए हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि सादगी से सबकुछ करना है ताकि सौहार्द और सद्भाव बना रहे।

## शार्ट न्यूज़

### हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए सीएम योगी



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य से भी मुलाकात की। पद्म पुरस्कार से सम्मानित श्रीरामभद्राचार्य के 75वें जन्मदिवस पर अयोध्या के काशीराम कॉलोनी के पास अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 14 जनवरी से शुरू हुआ है, जो 22 जनवरी तक निरंतर चलेगा। आयोजन के छठवें दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां पहुंचे। आयोजन स्थल पर चल रही 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए। योगी आदित्यनाथ ने आहुति देकर सुखी स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले जगदगुरु श्रीरामभद्राचार्य के पास पहुंचे। अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। यहां सीएम ने श्रीरामभद्राचार्य का हालचाल भी जाना। आयोजन स्थल पर सीएम को देख उपस्थित श्रद्धालुओं व आगंतुकों ने अपने मोबाइल में फोटो व वीडियो बनाया।

### बहराइच में तेंदुये के हमले में बालिका की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज के अंतर्गत खेत में शुक्रवार को खाद डालने गयी बालिका की तेंदुए के हमले में मौत हो गयी। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि आज दोपहर करीब दो बजे सुजौली ग्राम पंचायत के मजरा अयोध्यापुरवा निवासी इसराईल की 10 वर्षीय पुत्री आयशा घर से कुछ दूरी पर स्थित भरिया जंगल से सटे अपने पिता के साथ खेत में खाद डालने गयी थी, तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने उस पर झपट्टा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसके बाद मौके पर बालिका ने दम तोड़ दिया। बालिका की चीख पुकार सुनकर आसपास के किसान दौड़े और किसी तरह हांका लगाते हुए तेंदुए को जंगल की ओर भगाया। घटना की सूचना पर पहुंचे सुजौली वन क्षेत्राधिकारी रोहित कुमार यादव वनकर्मियों की टीम में वन दारोगा अनिल कुमार, वाचर विकास व बेफई एसटीपीएफ की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सुजौली एसओ सौरभ सिंह भी दलबल के घटनास्थल पर पहुंचे और कार्रवाई में जुट गए। घटना के बाद घटना स्थल पर भारी भीड़ इकट्ठा है। लोग काफी आक्रोश में है।

### गोंडा में गैस सिलेंडर भरे ट्रक में आग

गोंडा। लखनऊ से गैस सिलेंडर लेकर गोंडा जा रहे ट्रक में शुक्रवार सुबह धमाके के साथ आग लग गई। हादसा इतना भीषण था कि एक किलोमीटर तक गैस सिलेंडर उछल-उछलकर दगते रहे। सूचना पाकर गोंडा ज़िले के करनैलगंज और बहराइच के जरवलरोड थाने की पुलिस पहुंची। एहतियात के तौर पर सड़क के दोनो तरफ वाहनो को ढाई किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लखनऊ से गैस सिलेंडर लेकर गोंडा जा रहा ट्रक बहराइच गोंडा की सीमा पर गोंडा जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में अचानक आग के गोले में तब्दील हो गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सिलेंडर एक-एक कर दगते रहे। करीब एक किलोमीटर तक गैस सिलेंडर उछलकर दूर जा गिरे। सूचना पाकर जरवलरोड थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव पुलिस बल के साथ पहुंचे और गोंडा के करनैलगंज कोतवाली की पुलिस पहुंची। दोनों तरफ से आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चालक शायद फरार हो गया है। राव ने बताया कि घटना स्थल से एक किलोमीटर पहले ही लोग रुके हैं। लेकिन वाहनों को ढाई किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे हैं।

### सोनभद्र में 102 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

सोनभद्र। सोनभद्र जिले में स्वास्थ्य विभाग की 108 व 102 एम्बुलेंस दिन प्रतिदिन अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक सेवा में लगे हुए है। ताजा मामला सोनभद्र जिले सीएचसी शाहगंज का है। गर्भवती महिलाओं हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। इन्हीं सुविधाओं के अंतर्गत बड़ा गांव प्रभावती पत्नी शंतलाल को जब प्रसव पीड़ा प्रारंभ हुई तो परिजनों ने निशुल्क 102 एंबुलेंस सेवा पर फोन किया। जब पायलट रामसमूझ एवं ईएमटी राकेश यादव द्वारा नियत समय पर बड़ा गांव में 102 एंबुलेंस सेवा प्रभावती को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज पहुंचने के लिए चला। लेकिन बीच रास्ते में पहुंचने पर प्रभावती को असहनीय प्रसव पीड़ा शुरू हुई, ईएमटी राकेश यादव तथा पायलट रामसमूझ और परिजनों के सहयोग से एंबुलेंस में ही स्वस्थ नवजात शिशु को प्रभावती ने जन्म दिया फिर जोर-जोर से एंबुलेंस में किलकारियां गुजने लगी एंबुलेंस कर्मी कागजी औपचारिकता पूर्ण करने हेतु जच्चा -बच्चा को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे । इस सराहनीय कार्य को देखते हुए जिला प्रबंधक संदीप पटेल और जिला प्रभारी संतोष कुमार सिंह व जिला प्रभारी वरुण यादव ने ईएमटी राकेश यादव और चालक रामसमुझ सिंह को बहुत-बहुत बधाई दी।

### 50 लाख नकदी के साथ पांच गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के मुबारकपुर में पुलिस ने 50 लाख की नकदी के साथ पांच हवाला कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आजमगढ़, मऊ, बहराइच, देवरिया, गोरखपुर, मऊ और जौनपुर में हवाला के पैसों की खपत करते थे। एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो लग्जरी कार भी बरामद किया गया है। आरोपी आस-पास के जिलों में पैसे की सप्लाई करते हैं। इनका कारोबार विदेशों से संचालित होता है। पुलिस ने बताया कि ये लोग काफी दिनों से हवाला का काम करते थे। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अंजर, मोहम्मद आसिफ, अब्दुल मन्नान, नजीम अख्तार, आफताब अहमद के रूप में हुई है। एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि यह लोग काले धन को सफेद बनाते थे। आफताब अली का बेटा विदेश में रहता है, जो विदेश से हवाला कारोबार को संचालित करता है। पुलिस ने सूचना के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि आफताब अली का बेटा नजीब अख्तार का भाई है जो। सरायमीर में सोने और कपड़े का कारोबारी है। पुलिस ने बताया कि इससे राजस्व को बहुत नुकसान होता है। इन लोगों का दुबई से हवाला कारोबार संचालित होता था। आस-पास के सात जिलों में कारोबार करते थे।

### महराजगंज में सड़क हादसे में युवक की मौत

महराजगंज। महराजगंज के पनियरा में दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा पनियरा- परतावल मार्ग पर बभनौली शिव मंदिर के पास हुआ। शुक्रवार को एक टेलर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया।जससे दबकर बाइक सवार की मौत हो गई।जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर ले जाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि मृतक अवध किशोर पुत्र शंकर वर्मा निवासी पडरौना, जिला कुशीनगर और जयशंकर वर्मा पुत्र गिरजा शंकर वर्मा निवासी पिपराइच, जिला गोरखपुर, पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बैजूडेहरा में रामशरन की पत्नी के दाह संस्कार में आए थे।यहां से दाह संस्कार कराकर वापस घर जा रहे थे। रास्ते में बभनौली चौराहे के पास दोनों मोटरसाइकिल सवार आपस में टकरा गए।जिससे अवध किशोर पुत्र शंकर वर्मा ट्रक के नीचे आ गया। अवध किशोर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वहीं जयशंकर वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजा गया है।जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# पहले प्रदेश का किसान कर्ज में डूबा था आज वह खुशहाल है : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के गन्ना किसानों से किया संवाद

लखनऊ। प्रदेश के 86 लाख किसानों का कर्ज माफ किया गया है जबकि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। वह कर्ज में डूब हुए थे। खेती के लिए बिजली, खाद और सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। पिछली सरकारों की अनदेखी से चीनी मील बंद हो रही थीं। हमारी सरकार सत्ता में आई तो मुश्किल से 110 चीनी मिलें चल रहीं थी। उन पर भी वर्ष 2010 से 2017 के बीच गन्ना मूल्य का बकाया था। हमने सबसे पहले गन्ना किसानों के बकाया का भुगतान किया और 120 चीनी मिलें को संचालन कराया। इतना ही नहीं कोरोना के दौरान जब देश के अन्य राज्यों में चीनी मीलें बंद हो रहीं थीं तो प्रदेश मजबूती के साथ चीनों मिलों को चला रहा था। पिछले साढ़े छह वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने लगभग 7 लाख करोड़ की राशि सीधे अन्नदाता के खाते में भेजी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गन्ना किसान संवाद कार्यक्रम में कही। इस दौरान गन्ना किसानों ने योगी सरकार का गन्ने के एसएपी पर 20 रुपये प्रति कुंतल बढ़ोतरी पर खुशी जाहिर करते हुए उनका आभार प्रकट किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हमारी सरकार आई तो गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 315 रुपये प्रति कुंतल दिया जाता था, लेकिन वह पैसा भी उनको नहीं मिल पाता था। इस पर हमने काम शुरू किया और आज 120 चीनी मिलों में 105 चीनी मिलें 10 दिन के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रहीं हैं। वहीं इसे शत प्रतिशत करने पर युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। आज गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 370 रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले गन्ना किसानों को एसएपी में बढ़ोतरी का उपहार दिया है क्योंकि भगवान की पूजा से पहले अन्नपूर्णा देवता को भोग लगाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह फैसला लिया। सीएम योगी ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ उनके साथ खड़ी है। गत वर्ष हमने आम के 4 किसानों को मास्को भेजा था। यहां पर जो आम 40 से 50 रुपये किलो बिक रहा था, वहीं मास्को बाजार में पहुंचा तो 800 से लेकर 1000 प्रति किलो में बिका। इससे अन्नदातों की आय में बढ़ोतरी हो रही है और वह समृद्ध हो रहे हैं। यह डबल इंजन की सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान गांव में जगह-जगह कराएं भंडारा

सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जो 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की साक्षी बनेगी। ऐसे में प्रदेश के सभी अन्नादाता किसानों को टेलीविजन के माध्यम से जुड़ना चाहिये। गांव में जगह-जगह पर भंडारा कराएं और मंदिरों में हो रहे संकीर्तन में शामिल हों। वह सुबह मंदिरों की सफाई करें और शाम को घर के साथ मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव का भव्य आयोजन करें। यह हमारी विरासत को सम्मान देने के साथ हमारा दायित्व भी है। उन्होंने 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को गन्ना किसानें को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप केस में 200 पेज की चार्जशीट दाखिल

## तीनों आरोपियों के रूट चार्ट, सीसीटीवी की डिटेल; छात्रा का बयान मजबूत आधार

**वाराणसी।** वाराणसी में आईआईटी-बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी। वारदात के 78वें दिन लंका थाना पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में गुरुवार को 200 पेज की चार्जशीट दाखिल की। इसमें तीनों आरोपियों के रूट चार्ट, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन को आधार बनाया गया है। इसके साथ ही, पीड़ित छात्रा, उसके दोस्त और एक गार्ड के बयान को भी आरोपियों के खिलाफ आधार बनाया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को सजा दिलाने के लिए सबसे मजबूत आधार पीड़ित छात्रा का बयान है। बाकी, इलेक्ट्रॉनिक सबूत सपोर्ट में हैं। आरोपियों ने 1 नवंबर की रात करीब 1: 30 बजे आईआईटी-बीएचयू कैंपस में दोस्त के साथ जा रही छात्रा से गैंगरेप किया था। गन पॉइंट पर कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाए थे।



इस घटना के बाद कई दिनों तक कैंपस में स्टूडेंट्स ने विरोध-प्रदर्शन किया था। वारदात के 60 दिन बाद यानी 30 दिसंबर को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनकी पहचान कुणाल पांडेय, सक्षम पटेल और आनंद उर्फ अभिषेक चौहान के तौर पर हुई थी। तीनों भाजपा आईटी सेल में जुड़े हुए थे और वाराणसी के ही रहने वाले हैं।

### मोबाइल डेटा भी कोर्ट में पेश किया

एसीपी भेलूपुर डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया, चार्जशीट पीड़ित छात्रा और उसके दोस्त के बयान के आधार पर है। बयान को डिटेल में एक्सप्लेन किया है। तीनों आरोपियों के रूट चार्ट के बारे में भी बताया है। चार्ट में दिखाया गया कि आरोपी चेतगंज से सिगरा और इसके बाद आईआईटी-बीएचयू कैसे पहुंचे? इसके अलावा, आरोपियों की लोकेशन, कॉल डिटेल, सीसीटीवी और मोबाइल से बरामद कॉल डेटा, वॉट्सऐप चैट को भी कोर्ट में पेश किया है। आरोपियों से जब्त बुलेट का भी जिक्र किया गया है।

### देवरिया में शस्त्र लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया में कचहरी परिसर में भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को सहायक शस्त्र लिपिक को दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यहां बताया कि आज कलेक्ट्रेट परिसर में गोरखपुर एन्टी करप्शन की टीम ने सहायक शस्त्र लिपिक राजेश कुमार प्रसाद को दस हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता दीनानाथ यादव थाना बरियारपुर ने एन्टी करप्शन गोरखपुर में शिकायत की थी कि शस्त्र लाइसेंस की दूसरी प्रति जारी करने के लिए शस्त्र लिपिक राजेश कुमार प्रसाद उससे रिश्वत की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि आज एन्टी करप्शन गोरखपुर की टीम ने कलेक्ट्रेट कचहरी परिसर से शिकायतकर्ता दीनानाथ यादव से दस हजार रूपये रिश्वत लेते राजेश कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कोतवाली में आरोपी लिपिक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा लिखकर पूछताछ की जा रही है।

# फिरोजाबाद में हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के टूंडला क्षेत्र में पुलिस ने करन हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

हत्याकांड के पीछे एक लड़की से त्रिकोणीय प्रेम संबंध होने का खुलासा हुआ है। आरोपी युवकों ने प्रेम संबंध में बाधक करन को रास्ते से हटाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

अपर पुलिस अधीक्षक रण विजय सिंह ने बताया कि थाना टूंडला में 14 जनवरी को सर्वेश देवी ने अपने पुत्र करन (19) के 13 जनवरी से लापता होने की जानकारी दी थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश कर रही थी।

16 जनवरी को मोहम्मदाबाद के समीप किशन होटल के पीछे खंडहरों में एक युवक की शव पड़े होने की जानकारी मिली थी। शव की शिनाख्त करन के रूप में हुयी। परिजनो की आशंका के अनुसार पुलिस टीम हत्या आरोपियो की तलाश मे सक्रिय थी कि उसे आगरा रोड पर एक पंचर की दुकान पर मोटरसाइकिल में पंचर जुड़वा रहे आरोपियों की मौजूद होने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच कर तीन युवको को हिरासत मे ले लिया गया।

थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पवार द्वारा की गई पूछताछ में आरोपियो ने हत्या का जुर्म स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार किए गए गौरव कुशवाहा ने जानकारी दी कि वह और पुष्पेंद्र एक लड़की से प्रेम करते थे जबकि वह लड़की पहले से ही करन से प्रेम करती थी। प्रयास और धमकाने के बाद भी करन ? उस लड़की से अपने संबंध समाप्त नहीं करने को तैयार था और ना ही वह लड़की करन को छोडने को तैयार नही थी। इसीलिये उसने पुष्पेंद्र के साथ करन को रास्ते से हटाने की योजना बनाकर उसकी हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

# बलात्कार के आरोपी के परिजनों ने पुलिस पर किया पथराव

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोपी को हिरासत में लेने गयी पुलिस टीम पर आरोपी के परिजनो ने पथराव कर दिया। इस हमले में एक दरोगा और सिपाही चोटिल हो गये। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस उपाधीक्षक मछलीशहर अजीत सिंह चौहान ने शुक्रवार को बताया कि गांव की एक महिला ने पिछले साल नवंबर में कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को गुरुवार रात सूचना मिली कि आरोपी घर पर मौजूद है, ऐसे में छह पुलिसकर्मी तीन बाइक से उसे पकड़ने पहुंचे। वहां आरोपी से नोकझोंक हुई तो घर वालों ने पुलिस टीम को घेर लिया। पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार कर ले जा रही थी, इसी दौरान परिजनों ने पथराव कर दिया। इसमें मछलीशहर कोतवाली के एसआई अखिलेश यादव, सिपाही धनंजय पाठक घायल हो गए।

सूचना पर मछलीशहर सीओ अजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में मछलीशहर, मुंगराबादशाहपुर, पंवारा, तेजीबाजार व मीरगंज थाने की पुलिस गांव में पहुंची, जहां देर रात पूरे मामले की जांच पड़ताल की गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस सादे ड्रेस में आई थी और महिलाओं के साथ अभद्रता कर रही थी।

# फिरोजाबाद में नकली सोना कारोबारी की संपत्ति कुर्क

## 10 करोड़ की प्रॉपर्टी पर हुई कार्रवाई, आगरा-कानपुर समेत कई जिलों में दर्ज हैं 18 मुकदमे

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में ठगी के आरोपी सर्राफा कारोबारी की 10 करोड़ की संपत्ति पर एक्शन लिया गया है। नकली सोना देकर असली सोना लूटने वाले आरोपी संतोष उर्फ पप्पू की 10 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को प्रशासन ने कुर्क किया है।

प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले के अन्य अपराधियों में हड़कंप मच गया। एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी पर आगरा, फिरोजाबाद और कानपुर नगर में ठगी, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर सहित 18 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने गुंडई के दम पर पूरी संपत्ति अर्जित की थी।

आरोपी ने आगरा व कानुपर में सर्राफा कारोबारियों को नकली सोना देकर



असली होना लूटा था। टप्पेबाजी और ठगी करने में उस्ताद था। जिले में एसएसपी के बदलते ही सिरसागंज, नगला खंगर और अरांव थाने की पुलिस ने डीएम और एसएसपी के आदेश पर अब तक की सबसे बड़ी कुर्की की कार्रवाई की है। थाना सिरसागंज के गांव नगला बाग निवासी संतोष उर्फ पप्पू एक पेशेवर अपराधी है। इसके खिलाफ आगरा में दो, कानपुर नगर में तीन सहित कुल 18 मुकदमा दर्ज हैं।

आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी पिछले चार महीने से की जा रही थी। चार माह पहले आरोपी संतोष व उसके छह साथियों को जेल भेजा गया था। इसके बाद उसकी संपत्ति का ब्यौरा जुटाया जा रहा था। पूरा काला चिट्टा तैयार कर डीएम और एसएसपी के पास इसकी रिपोर्ट भेजी गई थी। आला अधिकारियों से अनुमोदन मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम ने उक्त आरोपी संतोष की 9.92 करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया है।

इसमें स्कूल, भट्टा, खेत और कई दुकानें शामिल हैं। सिरसागंज के तत्कालीन और वर्तमान सीओ शिकोहाबाद प्रवीन तिवारी इस मामले का नेतृत्व कर रहे थे। सीओ ने आरोपी के खिलाफ पूरी जांच की थी। जांच के बाद पूरी फाइल डीएम और एसएसपी को अनुमोदन के लिए भेज दी थी। सीओ ने अपराधी का काला-चिट्ठा तैयार करने के बाद पुलिस टीमों को कार्रवाई के लिए लगाया था।

# मां ने डांटा तो युवती ने लगा ली फांसी

## अप्रैल में होनी थी शादी, रोती-बिलखती मां हुई बदहवास

संतकबीर नगर। संतकबीर नगर में शुक्रवार को एक युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों के मुताबिक घर के कामकाज को लेकर उसकी मां ने उसे डांट दिया था। इसके बाद युवती ने यह कदम उठाया है। वहीं परिजनों ने यह भी बताया कि बेटी की अप्रैल में शादी होनी थी। मामला बेलहर थाना क्षेत्र के हसवापार गांव का है। घटना की सूचना स्वजनों ने बेलहर पुलिस को दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक जांच-पड़ताल की गई है। आगे की कार्रवाई जारी है। हसवापर गांव में शुक्रवार की सुबह मनीषा पुत्री राम किशुन उम्र 21 वर्ष ने फंदे से लटककर जान दे दी। मृतक की मां सुशीला देवी ने बताया कि मनीषा को घर का कार्य करने के लिए डांटकर सुबह छोटी लड़की को लेकर खेत में घास काटने के लिए चली गई थी। वहां से वापस आई तो दरवाजा बंद था। आवाज देने के बाद भी नहीं खुला तो धक्का देकर खोला गया। अंदर देखा तो मनीषा संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकी हुई थी, जिसकी शादी भी अप्रैल में होनी थी। मृतका के पिता मुंबई में रहकर मजदूरी का काम करते है उसके पास एक बहन व दो भाई भी हैं। घटना की सूचना बेलहर पुलिस को दी गई, जिसके बाद पहुंचे मेंहदावल सीओ राघवेंद्र सिंह राठौर व बेलहर एसओ सरोज शर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुत्री का शव मिलने के बाद मा रो - रोकर दिया बेसुध हो जा रही है। वह अपने अपने आपको कोष रही है कि मुझे नहीं डांटना चाहिए था।

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय पर 50 हजार का जुर्माना

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे अजय यादव सम्राट को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। अजय यादव को क्वालीफाई होने के बाद भी एमए इन वूमेन स्टडीज में एडमिशन न देने के मामले को अन्यायपूर्ण बताते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन पर 50000 का जुर्माना ठोका है। जुर्माने की राशि अजय यादव सम्राट को 15 दिनों के अंदर देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपने आब्जर्वेशन में कहा है कि इसके बाद याचिकाकर्ता को क्या राहत दी जा सकती है यह देखना है।

# 25 किलो अफीम के साथ 3 सौदागर अरेस्ट

## बदायूं-बरेली के युवक कार से दिल्ली ले जा रहे थे खेप




मुरादाबाद। मुरादाबाद पुलिस ने अफीम के 50 किलो डोडा चूर्ण के साथ नशे के तीन सौदागरों को अरेस्ट किया है। इनमें से दो बरेली के और एक बदायूं का है। एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि पकड़े गए युवकों से पूछताछ की जा रही है। युवक स्विफ्ट डिजायर कार की डिग्गी में दो बोरों में भरकर डोडा चूर्ण ले जा रहे थे। इस बारे में पूछताछ की जा रही है कि युवकों को ये डिलीवरी कहां देनी थी। एसएसपी ने बताया कि पाकबडा पुलिस की एक टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार को बागड़पुर पुल के नीचे रोका गया। इसकी तलाशी ली गई तो इससे दो प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए। जिनमें 25 कि0ग्रा0 अफीम का डोडा चूरा भरा हुआ था। इसकी बाजार में कीमत करीब 3 लाख रुपये है। एसएसपी ने बताया कि कार सवार नशे के तीन सौदागरों जफर अली उर्फ आसकार हुसैन पुत्र अब्दुल शकूर निवासी मोहल्ला ऊपर वारा थाना कोतवाली जिला बदायूं, इमरान पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला ईदगाह कस्बा व थाना अलीगंज जिला बरेली और यामीन पुत्र रियासत निवासी मोहल्ला ईदगाह कस्बा व थाना अलीगंज जिला बरेली को मौके से अरेस्ट किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# अमरोहा में डबल मर्डर के आरोपी की संपत्ति कुर्क

## पौने दो करोड़ की खेती की जमीन जब्त, हिस्ट्रीशीटर अशोक की तलाश कर रही पुलिस

अमरोहा। अमरोहा के गजरौला में बीते साल नो अक्टूबर की रात गंगा पार बसे गांव गुलालपुर में हुए डबल मर्डर में मुख्य आरोपी, हिस्ट्रीशीटर और 50 हजार के इनामी अशोक की पुलिस ने आज लगभग पौने दो करोड़ की खेती की जमीन कुर्क की है।

यह कार्यवाही गजरौला पुलिस ने हापुड़ के थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव वीर सिंहपुर में की है। करीब बारह दिन पूर्व



भी गजरौला पुलिस ने उसके लगभग 50 लाख के मकान पर कुर्की की कार्रवाई की थी।

दरअसल डबल मर्डर में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर अशोक के खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी करते हुए न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए थे। लेकिन हिस्ट्रीशीटर अशोक हाजिर नहीं हुआ। इतना ही नहीं पुलिस भी हिस्ट्रीशीटर अशोक को काफी खोजबीन के बाद भी तलाश नहीं कर पाई।

यही वजह है कि अब हिस्ट्रीशीटर अशोक पर 50 हजार का इनाम है। उसकी तलाश में अमरोहा पुलिस के साथ साथ यूपी एसटीएफ भी लगी है। न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने के बाद कोर्ट ने हिस्ट्रीशीटर अशोक की संपत्ति को कुर्क करने का आदेश दिया।

जिसके बाद पुलिस ने आज फिर हिस्ट्रीशीटर अशोक की पौने दो करोड़ रुपए की खेती की जमीन को कुर्क किया है।

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर बढ़कर 618.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर बढ़कर 618.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 548.5 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 24.2 करोड़ डॉलर कम होकर 47.2 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 60 लाख डॉलर की बढ़त के साथ 4.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### किआ सेल्टोस डीजल संस्करण में मिला मैनुअल ट्रांसमिशन

नयी दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी किआ ने कॉम्पैक्ट एसयूवी सेल्टोस को अब 1.5 लीटर डीजल इंजन के साथ छह स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में पेश किया है जिसकी शुरूआती कीमत 12 लाख रुपये है। कंपनी ने आज यहां कहा कि बीते साल इस फ्लैगशिप एसयूवी का फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च किया गया था। अब इसके 1.5-लीटर डीजल इंजन के साथ 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन पेश किया गया है। डीजल मैनुअल संस्करण की एक्स शोरूम कीमत 12 लाख रुपए से लेकर 18.28 लाख रुपए तक है। नया 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स अब एचटीई, एचटीके, एचटीके प्लस, एचटीएक्स और एचटीएक्स प्लस डीजल संस्करण उपलब्ध है। सेल्टोस दो पेट्रोल और एक डीजल इंजन विकल्प के साथ आती है। इनमें पहला 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन है । इसमें 6-स्पीड मैनुअल या सीवीटी का विकल्प मिलता है। वहीं दूसरा 1.5-लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन है। इस इंजन को 6-स्पीड आईएमटी (क्लचलेस मैनुअल) और वैकल्पिक 7-स्पीड डुअल क्लच ट्रांसमिशन (डीसीटी) के साथ जोड़ा गया है। इसके अलावा तीसरा 1.5-लीटर डीजल इंजन शामिल है। इसके साथ 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन का विकल्प फिर से पेश किया गया है।

### मेकमाईट्रिप की रियलिटी टीवी शो के साथ भागीदारी

नयी दिल्ली। मेकमाईट्रिप होमस्टे और विला ने रियलिटी टीवी शो बिग बॉस हाउस तक विशेष पहुंच के लिए वायकॉम18 के प्रीमियम हिन्दी जीईसी कलर्स के साथ समझौता किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह पहल मेकमाईट्रिप होमस्टे और विला को देश में लोकप्रिय संस्कृति के बीच होमस्टे को करीब लाने के संकल्प को रेखांकित करती है। पहली बार, देश में सबसे चर्चित घर को 25,000 अन्य बेजोड़ होमस्टे और विला के साथ मेकमाईट्रिप प्लेटफॉर्म पर लिस्ट किया गया है। सबसे प्रभावशाली उत्तरदाताओं में से चुने गए 15 विजेताओं को घर में रहने, गतिविधियों में शामिल होने, पूर्व बिग बॉस प्रतिभागियों से मिलने और परिसर के भीतर फिल्माए गए एक विशेष एपिसोड का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। उसने कहा कि प्रतियोगिता 22 जनवरी तक प्लेटफॉर्म पर लाइव रहेगी और विजेताओं की घोषणा 24 जनवरी, 2024 को की जाएगी। प्रतिभागियों और उनकी यात्रा के मुख्य अंशों को प्रदर्शित करने वाला विशेष एपिसोड 30 जनवरी, 2024 को जियो सिनेमा पर प्रसारित किया जाएगा, जो शो के पारंपरिक आधार से परे दर्शकों का उत्साह और मनोरंजन बढ़ाएगा।

### 22 जनवरी को मुद्रा बाजार दोपहर ढाई बजे से खुलेंगे

नई दिल्ली। सरकार की ओर से 22 जनवरी को आधे दिन का अवकाश घोषित करने के बाद शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक ने भी बड़ा एलान किया है। आरबीआई के अनुसार 22 जनवरी को मुद्रा बाजार सुबह 9 बजे के बजाय दोपहर 2.30 बजे खुलेंगे। केंद्र सरकार ने अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए आधे दिन के अवकाश की घोषणा की है। अयोध्या में राम मंदिर की सर्वोच्च प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को रिजर्व बैंक के कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोटों को बदलने और जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने सोमवार को केंद्र सरकार के प्रतिष्ठानों को आधे दिन के लिए बंद करने का आदेश जारी किया था। देश भर में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बीमा कंपनियां, वित्तीय संस्थान और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) 22 जनवरी को आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, 2000 रुपये के बैंक नोटों को बदलने/जमा करने की सुविधा सोमवार, 22 जनवरी, 2024 को भारतीय रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में से कहीं भी उपलब्ध नहीं होगी। यह सुविधा मंगलवार, 23 जनवरी, 2024 को फिर से शुरू होगी। पिछले साल 19 मई को आरबीआई ने 2,000 रुपये के नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी।

### भारत ने वैश्विक भलाई और लैंगिक समानता के लिए नए गठबंधन की घोषणा की

नई दिल्ली। भारत ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक से इतर गुरुवार को दावोस में वैश्विक भलाई, लैंगिग समानता और आर्थिक समानता के लिए एक नए गठबंधन की घोषणा की। इस दौरान विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक और चेयरमैन क्लॉस श्वाब भी मौजूद थे। उन्होंने इस पहल का समर्थन करने की भी बात कही है। उद्योग मंडल सीआईआई की ओर से आयोजित डब्ल्यूईएफ की सालाना बैठक से इतर आयोजित स्वागत समारोह में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, हरदीप सिंह पुरी व अन्य ने भी शिरकत की। महिला व बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि इस गठबंधन का विचार जी-20 नेताओं के घोषणापत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता से आया है। ईरानी ने डब्ल्यूईएफ को भारत का बहुत मजबूत समर्थन करने के लिए भी बधाई दी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल उच्च विकास दर दी है और महंगाई को नियंत्रित किया है, बल्कि 80 करोड़ भारतीय नागरिकों की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की है। इसका विदेशों में भी लोगों ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा, यह गठबंधन वैश्विक भलाई के लिए है जैसा कि नाम से पता चलता है।

# आम बजट में दूरसंचार क्षेत्र की व्यवहार्यता बढ़ाने को नीतिगत उपाय करने की अपील

नयी दिल्ली। देश में डिजिटल संचार पारितंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष उद्योग निकाय सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने वित्त मंत्रालय को आम बजट 2024-25 के लिए अपनी सिफारिशें सौंपी हैं जो इस उद्योग की वित्तीय बेहतरी पर केंद्रित है।

सीओएआई का मानना है कि आदर्श रूप में यूएसओएफ शुल्क खत्म किया जाना चाहिए। हालांकि, यह संभव नहीं हो तो मौजूदा यूएसओ निधि (77,000 करोड़ रुपये) खर्च होने तक एजीआर के 5 प्रतिशत का यूएसओ अंशदान निलंबित किया जा सकता है। इसके अलावा, लाइसेंस शुल्क जल्द से जल्द 3 प्रतिशत से एक प्रतिशत पर लाया जाना चाहिए जिससे दूरसंचार विभाग के केवल प्रशासनिक खर्चों को पूरा किया जा सके।

सकल राजस्व (जीआर) की मौजूदा परिभाषा में सभी दूरसंचार गतिविधियों से आय शामिल है। दूरसंचार गतिविधि शब्द परिभाषित नहीं है, बल्कि इसमें ऐसी गतिविधियां शामिल हैं जो संयोग से दूरसंचार गतिविधि समझी जाती है। इसलिए, जीआर की परिभाषा में यह पूरी तरह से स्पष्ट होना चाहिए कि उन गतिविधियों से आय जिनके लिए कोई लाइसेंस आवश्यक नहीं है, जीआर का हिस्सा नहीं होना चाहिए।

सीओएआई ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 72 के तहत दूरसंचार आपरेटरों के लिए एक विशेष व्यवस्था शुरू किए जाने का अनुरोध किया है जहां कारोबारी नुकसानों को आगे ले जाया जा सके और मौजूदा आठ वर्ष से 16वें आकलन वर्षों तक इसे समायोजित किया जा सके। आठ वर्षों बाद कारोबारी नुकसान की भरपाई नहीं होना, पहले से तनावग्रस्त दूरसंचार उद्योग के लिए संकट खड़ा करने वाला होगा (विभिन्न कारकों की वजह से जैसे एजीआर मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले, उत्पाद के कम मूल्य निर्धारण की वजह से टैरिफ मार्जिन में कमी, भारी पूंजी निवेश के साथ अतिरिक्त स्पेक्ट्रम लेने की आवश्यकता आदि) क्योंकि वसूली चरण के दौरान आय, कर अदायगी और एजीआर, स्पेक्ट्रम आदि से संबंधित अन्य भुगतान से जुड़ी होगी जिससे इस क्षेत्र के अनुचित मुश्किल पैदा होगी।

सीओएआई ने अनुरोध किया है कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार और विकास प्राधिकरणों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के लिए असाइनमेंट ऑफ राइट पर सेवा कर मुक्त किया जाना चाहिए।

सरकार के देय एजीआर की गणना के लिए पद्धति के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं पर अतिरिक्त देनदारी का सृजन किया है। जीएसटी प्रारंभ होने से पहले एजीआर पर सेवा शुल्क का भुगतान किया जाता था और इसका क्रेडिट भी उपलब्ध कराया जाता था। हालांकि, जीएसटी शुरू होने के बाद सेवाकर के साथ उच्चतम न्यायालय के निर्णय की वजह से एजीआर के अतिरिक्त भुगतान से सेवाकर की राशि दूरसंचार कंपनियों के लिए लागत के तौर पर हो जाएगी क्योंकि उन्हें क्रेडिट का लाभ नहीं मिलेगा। भारत सरकार को उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में एजीआर की अतिरिक्त देयता पर सेवाकर के भुगतान से छूट देना चाहिए।

अप्रैल, 2016 से जून, 2017 की अवधि के लिए सेवाकर भुगतान से छूट और नवंबर, 2018 में जारी विभिन्न सेवाओं पर छूट देकर राहत दिए जाने का अनुरोध किया गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सरकार आरसीएम (रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म) के तहत भुगतान किए जाने वाले सेवाकर के नकद रिफंड के दावे के लिए एक समयबद्ध आसान प्रक्रिया निर्धारित कर सकती है जिससे इस उद्योग को कुछ हद तक मदद मिलेगी। सरकार ने पांच-छह वर्षों के दौरान दूरसंचार उपकरण पर सीमा शुल्क बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है जिससे दूरसंचार कंपनियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ा है और इससे भारत में 5जी सेवाओं की शुरुआत प्रभावित हुई है। सीओएआई ने उन निश्चित दूरसंचार उपकरण पर सीमा शुल्क समाप्त करने का अनुरोध किया है जिससे इस महत्वपूर्ण ढांचे को खड़ा करने में लागत बढ़ती है।

संगठन ने अनुरोध किया है कि सीमा शुल्क को घटाकर शून्य किया जाना चाहिए और इसे भारत में दूरसंचार गियर के विनिर्माण के लिए पारितंत्र का सृजन होने के आधार पर धीरे धीरे बढ़ाया जाना चाहिए। जब तक भारत में अच्छी गुणवत्ता के उपकरण किफायती मूल्य पर उपलब्ध न हों, 4जी 5जी से जुड़े नेटवर्क उत्पादों के साथ ही अन्य संबंधित उत्पादों के लिए सीमा शुल्क घटाकर शून्य किया जाना चाहिए।

दूरसंचार कंपनियां दुनियाभर में डेटा के हाई-स्पीड ट्रांसफर के लिए सबमैरीन केबल पर बहुत अधिक निर्भर हैं। भारत में सबमैरीन केबल बिछाने के काम में लगे वैसेल्स को दी गई मौजूदा सीमा शुल्क छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने जा रही है। यह छूट आगे बढ़ाना अपरिहार्य है जिससे केबल बिछाने से जुड़ी लागत को उल्लेखनीय रूप से बढ़ने से रोका जा सके। इस वृद्धि से भविष्य में सबमैरीन केबल बिछाने का कार्य बुरी तरह प्रभावित होगा जिससे ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवा की गुणवत्ता से समझौता करना पड़ेगा।

वर्तमान में, दूरसंचार ऑपरेटर द्वारा लाइसेंस शुल्क, स्पेक्ट्रम यूसेज शुल्क और नीलामी में हासिल स्पेक्ट्रम के भुगतान के संबंध में दूरसंचार विभाग को किए गए भुगतान पर एक रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (आरसीएम) के तहत जीएसटी का भुगतान किया जा रहा है। एक रिवर्स चार्ज आधार पर नकदी में जीएसटी का भुगतान और इसके बाद इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) उपयोग से दूरसंचार कंपनियों के भीतर काफी आईटीसी जमा हो गई है जिससे बड़ी मात्रा में कार्यशील पूंजी फंसी हुई है और इससे इन कंपनियों पर काफी वित्तीय बोझ बढ़ा है। दूरसंचार कंपनियां इन शुल्कों से संबंधित भुगतान पर आरसीएम के तहत जीएसटी से छूट का आग्रह कर रही हैं जिससे वित्तीय दबाव घट सके और आईटीसी जमा होना रुक सके।

# बोइंग का बेंगलुरु परिसर मेक इन इंडिया - मेक फॉर वर्ल्ड संकल्प को मजबूत करता है : मोदी

बेंगलुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग के 1600 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित और अमेरिका से बाहर कंपनी के सबसे बड़े परिसर अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग ऐंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) का आज शुभारंभ करते हुये कहा कि यह मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड संकल्प को मजबूत करता है। यह परिसर भारत की प्रतिभा में दुनिया के भरोसे को मजबूत करता है और एक दिन भारत इस सुविधा में भविष्य के विमान डिजाइन करेगा।

उन्होंने कहा कि बेंगलुरु एक ऐसा शहर है जो आकांक्षाओं को नवाचारों और उपलब्धियों से जोड़ता है और भारत की तकनीकी क्षमता को वैश्विक मांगों से जोड़ता है। बोइंग का नया प्रौद्योगिकी परिसर इस विश्वास को मजबूत करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिसर अमेरिका के बाहर स्थित बोइंग की सबसे बड़ी सुविधा है। इसका पैमाना और परिमाण न केवल भारत बल्कि दुनिया के विमानन बाजार को भी मजबूत करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सुविधा वैश्विक तकनीक, अनुसंधान और नवाचार, डिजाइन और मांग को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा, यह मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड संकल्प को मजबूत करता है। यह परिसर भारत की प्रतिभा में दुनिया के भरोसे को मजबूत करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एक दिन, भारत इस सुविधा में भविष्य के विमान डिजाइन करेगा।



पिछले साल कर्नाटक में एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण फैक्ट्री के उद्घाटन को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि बोइंग की नई सुविधा कर्नाटक के एक नए विमानन केंद्र के रूप में उभरने का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने विशेष रूप से भारत के युवाओं को बधाई दी जिनके पास अब विमानन उद्योग में नए कौशल हासिल करने के कई अवसर होंगे।

उन्होंने हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के सरकार के प्रयासों पर जोर दिया और जी20 की अध्यक्षता के दौरान महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में भारत के प्रयासों को भी दोहराया।

मोदी ने बोइंग सुकन्या प्रोग्राम को लॉन्च किया जिसका लक्ष्य देश के तेजी से बढ़ते उड्डयन क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को प्रवेश पाने में सहायता देना है। यह प्रोग्राम समूचे भारत की लड़कियों तथा महिलाओं को अवसर मुहैया कराएगा। इससे वे विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) जैसे क्षेत्रों में जरूरी कौशल सीख पाएंगी और उन्हें उड्डयन क्षेत्र में प्रशिक्षण पाने का मौका मिलेगा। एसटीईएम में करियर के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए लड़कियों के लिए यह प्रोग्राम योजनाबद्ध स्थानों पर एसटीईएम प्रयोगशालाओं का निर्माण करेगा। यह प्रोग्राम उन महिलाओं को छात्रवृत्ति पाने की भी सुविधा देगा जो पायलट बनने की ट्रेनिंग लेना चाहती हैं। इसमें निवेश से उड़ान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, प्रमाणपत्र प्राप्ति, सिम्युलेटर ट्रेनिंग और कॅरियर डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए वित्तीय सहायता पाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार एयरोस्पेस क्षेत्र में महिलाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे लड़ाकू पायलट हों या नागरिक उड्डयन, भारत महिला पायलटों की संख्या के मामले में दुनिया में अग्रणी है। भारत के 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं जो वैश्विक औसत से 3 गुना अधिक है।

बोइंग सुकन्या कार्यक्रम पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विमानन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देगा, साथ ही दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले गरीबों को पायलट बनने के उनके सपने को साकार करने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि कार्यक्रम के तहत पायलट के रूप में करियर बनाने के लिए सरकारी स्कूलों में करियर कोचिंग और विकास सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

मोदी ने कहा कि चंद्रयान की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के युवाओं में वैज्ञानिक सोच का संचार किया है।

लड़कियों ने एसटीईएम विषयों को बड़े पैमाने पर अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन घरेलू बाजार बन गया है। एक दशक में घरेलू यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि उड़ान जैसी योजनाओं ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है।

# एम्यूजमेंट इंडस्ट्री में हैं विकास की अपार संभावनाएं

नयी दिल्ली। भागदौड़ भरी जिंदगी में मनोरंजन एवं मनोविनोद से जुड़ी गतिविधियां मन को सुकून देती हैं। सुकून और मनोरंजन की यही चाहत एम्यूजमेंट इंडस्ट्री का आधार है। समय के साथ एम्यूजमेंट पार्क जाने वालों की बढ़ती संख्या भी इस उद्योग के महत्व को दिखाती है। इस उद्योग में विकास की संभावनाओं का अंदाजा इस तथ्य से भी लगाया जा सकता है कि कई लोग एम्यूजमेंट के उद्देश्य से ही पर्यटन के लिए जाते हैं।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ एम्यूजमेंट पार्क्स एंड इंडस्ट्रीज (आईएएपीआई) की 25वीं वर्षगांठ पर आज यहां आयोजित परिचर्चा में विशेषज्ञों ने कहा कि इस उद्योग में अपार संभावनायें क्योंकि अब लोग मनोरंजन के लिए एम्यूजमेंट पार्क में आने लगे हैं।

कार्यक्रम में ये बातें सामने आईं। इस दौरान पैनल चर्चा और मोटिवेशनल सेशन में इस उद्योग की संभावनाओं पर विमर्श हुआ।

इस एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विविध सत्र आयोजित किए गए। आईआईएम इंदौर के ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर एंड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के प्रोफेसर रंजीत नंबूदरी ने अगले 25 साल में एम्यूजमेंट इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने के कदमों पर अपने विचार रखे। उनके वक्तव्य से इस इंडस्ट्री को समझने और इसमें विकास की संभावनाओं को जानने में मदद मिली। इन महत्वपूर्ण सत्रों के बाद आईएएपीआई की 25वीं वर्षगांठ का उत्सव मनाया गया।

आईएएपीआई के अध्यक्ष श्रीकांत गोयनका ने कहा कि पूरा देश या यूं कहें कि पूरा विश्व एक एक्पीरिंशियल टूरिज्म की तरफ जा रहा है। जिसमें हम हर चीज का अनुभव लेकर उसका आनन्द उठाना चाहते हैं। आईएएपीआई में हमारे पास 500 सदस्य हैं, जो एम्यूजमेंट, लेजर सेक्टर से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग का अभी वार्षिक कारोबार 11,500 करोड़ के मुकाम पर पहुंची है और 2030 तक इसके 25000 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत में लगभग 300 एम्यूजमेंट पार्क हैं और 2500 इंडोर एम्यूजमेंट सेंटर हैं। अनुमानतः यह उद्योग 15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जिससे रोजगार में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य पर्यटन बोर्डों द्वारा विकसित विभिन्न धार्मिक सर्किटों पर तकनीकी नवाचार, लेजर शो, वीडियो आदि की मदद से अधिक थीम आधारित कहानियां, पौराणिक और धार्मिक थीम पार्क बनाने के लिए निवेश के अपार अवसर हैं।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की एयरलाइन पार्टनर होगी अकासा एयर

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने शुक्रवार को अकासा एयर को अपना एयरलाइन पार्टनर बनाया है। दोनों के बीच हुए रणनीतिक करार के तहत क्षेत्र में बढ़ती हवाई यात्रा की मांग को पूरा करने के लिये अकासा एयर, नोएडा से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान तैनात करेगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ़ श्नेलमैन ने कहा, हम अपने एयरलाइन पार्टनर के रूप में अकासा एयर का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं, जो हवाई अड्डे के उद्घाटन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी दिल्ली एनसीआर क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हम देश भर के प्रमुख महानगरों के साथ-साथ टियर 2 और 3 शहरों को जोड़ने वाला एक व्यापक हवाई नेटवर्क स्थापित करने के हमारे मिशन में उनके साथ जुड़कर रोमांचित हैं।

अकासा एयर के फाउंडर और सीईओ विनय दुबे ने कहा, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एयरलाइन इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर सरकार के फोकस का उदाहरण है क्योंकि देश एक अंतरराष्ट्रीय विमानन केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमें विश्वास है कि यह तालमेल हमें उत्तर प्रदेश से कनेक्टिविटी को और मजबूत करने और देश भर में यात्रियों को एक निर्बाध यात्रा अनुभव प्रदान करने में सक्षम करेगा।

# रिलायंस का मुनाफा 11 प्रतिशत बढ़कर 19641 करोड़ पर पहुंचा

मुंबई। पेट्रोलियम से लेकर दूरसंचार और रिटेल आदि क्षेत्रों में कारोबार करने वाली देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में 19641 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 17706 करोड़ रुपये की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक के यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कंपनी ने कहा कि 31 दिसंबर को समाप्त इस तिमाही में उसका सकल राजस्व 248160 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 240532 करोड़ रुपये की तुलना में 3.2 प्रतिशत अधिक है।

इस तिमाही में कंपनी की दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म लिमिटेड ने 5445 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4881 करोड़ रुपये की तुलना में 11.6 प्रतिशत अधिक है।

इस अवधि में कंपनी का सकल राजस्व 32510 करोड़ रुपये रहा है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में यह 29195 करोड़ रुपये रहा था। इस तिमाही में कंपनी के ग्राहकों की संख्या 8.8 प्रतिशत बढ़कर 47 करोड़ के पार हो गयी जबकि पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में यह संख्या 43.29 करोड़ रही थी।

वित्तीय परिणाम पर टिप्पणी करते हुये रिलायंस के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा रिलायंस ने एक और तिमाही में मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन किया है। इसके व्यवसायों में टीमों द्वारा किए गए असाधारण प्रयासों के लिए धन्यवाद।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जियो ने भारत में ट्रू 5जी सेवाओं का दुनिया में सबसे तेज़ रोलआउट पूरा कर लिया है। देश का हर शहर, क़स्बा और गाँव अब हाई-स्पीड डिजिटल कनेक्टिविटी से लैस है, जो अद्वितीय डिजिटल पहुंच और प्रौद्योगिकी आधारित विकास के एक नए युग की शुरुआत करेगा।

मजबूत जियो भारत फोन और जियो एयर फाइबर सेवाओं के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप जियो का निरंतर विस्तार हुआ है। ग्राहक आधार, डिजिटल सेवा व्यवसाय की शानदार वृद्धि में योगदान दे रहा है।

उन्होंने कहा कि खुदरा क्षेत्र ने भी अपने तेजी से विस्तार के साथ प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन किया है। रिलायंस रिटेल ग्राहक खरीदारी को समृद्ध बनाने पर केंद्रित है।

अपने पोर्टफोलियो में नए ब्रांड और पेशकश जोड़कर अनुभव प्राप्त करें। इसकी नई वाणिज्य पहल प्रौद्योगिकी के माध्यम से लाखों छोटे व्यापारियों की विकास यात्रा का समर्थन कर रहा है।

तेल एवं गैस ने अपना अब तक का उच्चतम तिमाही इबिडिटा दर्ज किया। उन्होंने कहा मुझे यह जानकर खुशी हुई कि केजी डी6 अब भारत के गैस उत्पादन में 30 प्रतिशत का योगदान दे रहा है जो एक हरित और स्वच्छ कल की ओर इसके परिवर्तन को बढ़ावा देता है।

# महाराष्ट्र-असम समेत कई राज्यों में पेट्रोल सस्ता

नई दिल्ली। (पी एम ए) राष्ट्रीय तेल कंपनियों की तरफ से पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव के बाद महाराष्ट्र,असम, आंध्रा प्रदेश, समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ है।

राष्ट्रीय तेल कंपनियों ने शुक्रवार (19 जनवरी) के लिए पेट्रोल-डीजल के लिए नए अपडेटेड दाम जारी कर दिए है। गुरुवार को महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के लोगों को जोर का झटका लगा था।

लेकिन शुक्रवार को इन सभी राज्यों के लोगों को राहत मिली है। वहीं, बिहार, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं। बता दें कि इन दिनों अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट नजर आ रही है। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे WTI क्रूड गिरावट के साथ 73.89 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है. वहीं, ब्रेंट क्रूड 78.96 प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।

### महाराष्ट्र-असम समेत कई राज्यों में पेट्रोल सस्ता

राष्ट्रीय तेल कंपनियों की तरफ से पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव के बाद महाराष्ट्र,असम, आंध्रा प्रदेश, समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ है।

बता दें कि गुरुवार को जब पेट्रोल डीजल के दाम में बदलाव किया गया तो महाराष्ट्र के लोगों को जोर का झटका लगा था। क्योंकि महाराष्ट्र में पेट्रोल-डीजल के दाम में अचानक से 1 रुपये से ज्यादा की बढोत्तरी कर दी गई थी।

इन राज्यों में बढ़ी कीमतें

वहीं, एक तरफ जहां इन राज्यों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ है। वहीं, बिहार, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं। हालांकि देश भर में पेट्रोल-डीजल के भाव स्थिर है। इसके साथ ही उम्मीद लगाई जा रही है कि लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार जल्द ही ईंधन के दाम में कमी कर सकती है।

### प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल के भाव

| शहर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |
| जयपुर | 108.48 | 93.72 |
| हैदराबाद | 109.66 | 97.82 |
| चंडीगढ़ | 96.20 | 84.26 |
| गुरुग्राम | 97.18 | 90.05 |
| नोएडा | 96.79 | 89.96 |
| लखनऊ | 96.57 | 89.76 |

### OMCs जारी करती हैं दाम

बता दें कि देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां पेट्रोल और डीजल की कीमतों को जारी करती हैं। हालांकि 22 मई 2022 से पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नहीं बदला गया है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया जैसी कंपनी अपनी वेबसाइट पर सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों को जारी करती हैं।

### घर बैठे भी चेक कर सकते हैं तेल का भाव

आप बड़ी आसानी से अपने शहर के पेट्रोल और डीजल की कीमतों को पता कर सकते हैं। इसके लिए ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की वेबसाइट पर जाना होगा या फिर एक एसएमएस भेजना होगा। अगर आप इंडियन ऑयल के कस्टमर हैं तो RSP के साथ शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर और BPCL के कस्टमर हैं तो RSP लिखकर 9223112222 नंबर पर एसएमएस भेज सकते हैं।

## शार्ट न्यूज

### महिला टीम नहीं कर पायी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई, जापान से 0-1 से हारी

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम की पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद शुक्रवार को कांस्य पदक मुकाबले में जापान से 0-1 से हार के बाद समाप्त हो गई। आज यहां बिरसा मुंडा इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत टीम को कांस्य पदक मुकाबले में जापान से हार का सामना करना पड़ा। जापान की ओर से छठे मिनट में काना उराता ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। गोल खाने के बाद भारतीय टीम ने तेज आक्रमण करने की प्रयास किया और दो अच्छे मौके बनाए लेकिन दीपिका या लालरेमसियामी में से कोई भी लक्ष्य को भेदने में कामयाब नहीं हो पाई। भारत को मैच के दौरान नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जापान की रक्षापंक्ति उसके हर प्रयास को विफल कर दिया। जापान ने शानदार बचाव करते हुए मैच के अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए मुकाबला जीत लिया।

### मोदी ने किया छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के चेन्नई में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का उद्घाटन किया। शुक्रवार (19 जनवरी) को कार्यक्रम के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक भी मौजूद थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों के जरिए नई प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। पीएम मोदी ने कहा, मैं देश भर से चेन्नई आए सभी एथलीटों और खेल प्रेमियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। आप सब मिलकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। तमिलनाडु के गर्मजोशी भरे लोग, खूबसूरत तमिल भाषा, संस्कृति और व्यंजन आपको निश्चित रूप से घर जैसा महसूस कराएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, खेलो इंडिया गेम्स, यूथ गेम्स, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, खेलो इंडिया विंटर गेम्स और खेलो इंडिया पैरा गेम्स आपको खेलने का मौका दे रहे हैं और नई प्रतिभाओं को भी आगे ला रहे हैं। मुझे खुशी है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभंकर वेलु नचियार है।

### हाई परफॉरमेंस निदेशक ने जसपाल राणा को रेंज से निकलने को कहा

नई दिल्ली। विवादों में रहने भारतीय शूटिंग टीम के हाई परफॉरमेंस निदेशक पियरे ब्यूशेंप ने एक और विवाद को हवा दे दी है। शूटर मनु भाकर के कोच और एशियाई खेलों में चार स्वर्ण पदक समेत आठ पदक जीतने वाले अर्जुन अवॉर्डी, पद्म श्री शूटर जसपाल राणा ने दावा किया है कि उन्हें ब्यूशेंप ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज से निकल जाने के लिए कहा। जसपाल राणा का कहना है कि वह पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटीं राष्ट्रमंडल, एशियाई खेल और यूथ ओलंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट मनु भाकर के लिए कर्णी सिंह रेंज गए थे। ब्यूशेंप ने इस दौरान राष्ट्रीय शूटिंग संघ (एनआरएआई) की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का हवाला देते हुए उनसे रेंज से बाहर जाने के लिए कहा। जसपाल का कहना है कि वह उस जगह से काफी दूर खड़े थे, जहां शूटर अभ्यास कर रहे थे, लेकिन वह मेरे पास आए और कहने लगे कि आप यहां नहीं खड़े हो सकते, आपको रेंज से बाहर जाना होगा, वरना वह एनआरएआई के साथ परेशानी में पड़ जाएंगे। जसपाल ने ब्यूशेंप से कहा कि उनसे परेशान होने की जरूरत नहीं है। वह एक अर्जुन अवॉर्डी हैं और राष्ट्रीय कोच रह चुके हैं।

### साक्षी मलिक की अपील, बोलीं- तदर्थ समिति की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लें पहलवान

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीडऩ के आरोप लगाने वाली रियो ओलंपिक की पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने पहलवानों से गुहार लगाई है कि वह तदर्थ समिति की ओर से जयपुर में कराई जाने वाली राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लें। उन्होंने पहलवानों से अपील की है कि वे निलंबित कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह की ओर से कराई जा रही राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग नहीं लें। उन्होंने कहा कि तदर्थ समिति की ओर से 2 से पांच फरवरी को कराई जा रही चैंपियनशिप को सरकार से मान्यता प्राप्त है। साक्षी ने संजय सिंह के कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष बनने के विरोध में कुश्ती से संन्यास ले लिया था। दरअसल, हाल ही में भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबन के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने खिलाड़ियों की सुविधा के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन कर दिया। मेरठ के भूपिंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता में समिति कुश्ती महासंघ का काम संभालेगी।

### ऑस्ट्रेलिया के बाद उज्बेकिस्तान से हारा भारत

अल रेयान (कतर)। अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करने वाली भारतीय टीम गुरुवार को एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान से 3-0 से हार गई। उज्बेकिस्तान के लिए अबोसबेक फैजुल्लाएव ने चौथे मिनट, इगोर सर्जीव ने 18वें मिनट और शेरजोद नसरूल्लाएव ने हाफ टाइम से ठीक पहले गोल दागा। भारत विश्व रैंकिंग में 102वें, जबकि उज्बेकिस्तान 68वें नंबर पर है। दोनों के बीच अब तक कुल नौ मैच खेले गए हैं। इन नौ मैचों में भारत ने सिर्फ एक बार उज्बेकिस्तान को हराया है। छह मैच हारे और दो मैच ड्रॉ रहे। भारत ने 13 जनवरी को खेले गए अपने पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया को 50 मिनट तक गोल करने नहीं दिया था, लेकिन आखिर में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन सुनील छेत्री की अगुआई वाली भारतीय टीम ने उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज नहीं करने दी।

### उत्तर कोरिया ने पानी के भीतर परमाणु हथियार प्रणाली का परीक्षण किया

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में पानी के अंदर परमाणु हथियार प्रणाली का परीक्षण किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी (केसीएनए) ने उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता के एक बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने कहा %अमेरिकी परमाणु वाहक कार्ल विंसन और एजिस क्रूजर प्रिंसटन और जापानी समुद्री %सेल्फ-डिफेंस फोर्स% और दक्षिण कोरिया नौसेना (आरओके) के युद्धपोतों की भागीदारी के साथ 15 जनवरी से तीन दिनों के लिए जेजू द्वीप के पानी में फिर से संयुक्त समुद्री अभ्यास आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास ने क्षेत्रीय स्थिति को और अस्थिर कर दिया है और उत्तर कोरिया की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। प्रवक्ता ने कहा, इसके जवाब में, उत्तर कोरिया के रक्षा विज्ञान अकादमी के तहत अंडरवाटर वेपन सिस्टम इंस्टीट्यूट ने कोरिया के पूर्वी सागर में विकास के तहत अपने पानी के अंदर परमाणु हथियार प्रणाली हेइल-5-23 का एक महत्वपूर्ण परीक्षण किया।

### मेक्सिको, चिली ने आईसीसी से गाजा में संभावित अपराधों की जांच करने को कहा

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको और चिली ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से गाजा पट्टी में उसके अधिकार क्षेत्र में संभावित अपराधों की जांच करने को कहा है। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मेक्सिको और चिली ने अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर अपराधों के संभावित कमीशन की जांच के लिए फिलिस्तीन राज्य की स्थिति को अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय को भेजा है। मंत्रालय ने कहा कि मेक्सिको और चिली की यह कार्रवाई हिंसा की नवीनतम वृद्धि, विशेष रूप से नागरिक लक्ष्यों के खिलाफ, और न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के तहत कथित रूप से जारी अपराधों पर बढ़ती चिंता के कारण है, विशेष रूप से सात अक्टूबर, 2023 के हमले के बाद से हमास के उग्रवादियों द्वारा और गाजा में उसके बाद की शत्रुता के कारण।

# न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

एजेंसी




**क्राइस्टचर्च।** डैरिल मिचेल नाबाद 72 और ग्लेन फिलिप्स नाबाद 70 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को चौथे टी-20 मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया है।

आज यहां 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड को पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शुरुआत 20 रन पर तीन विकेट गिराकर झकझोर दिया था, लेकिन कीवी टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने शाहीन अफरीदी के झटकों से उबरते हुए चौथे विकेट लिए नाबाद 139 रनों की शतकीय साझेदारी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर सात विकेट से जीत दिला दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बना ली है।

ग्लेन फिलिप्स ने 52 गेंदों पर तीन छक्के और पांच चौकों की मदद से नाबाद 70 रन की पारी खेली जबकि डेरिल मिचेल ने 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन बनाए और उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और सात चौके जड़े।

पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट लिये।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसके सलामी बल्लेबाज सैम अयूब एक रन आउट हो गए। इसके बाद बाबर आजम 19 रन और फखर जमान नौ भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। मोहम्मद रिजवान शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने आजम के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की।

उन्होंने पांचवें विकेट के लिए इफ्तिखार अहमद 10 रन के साथ 40 रन जोडे। रिजवान पे 63 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्के मदद से नाबाद 90 रन बनाये। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 158 का स्कोर खड़ा किया।

न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2-2 विकेट लिये। एडम मिलने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## बोपन्ना ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल के तीसरे और जोकोविच एकल के चौथे दौरे में पहुंचे



मेलर्बन । रोहन बोपन्ना और मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी को हराते हुए पुरुषों के युगल वर्ग के तीसरे दौर में पहुंच गई है। वहीं दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एकल मुकाबले में अर्जेंटीना के टॉमस एचेवेरी हराकर चौथे दौर में पहंच गये है। आज यहां खेले गये मुकाबले में बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर जोड़ी को एक घंटे से कुछ अधिक समय तक चले दूसरे दौर के मुकाबले में 6-2, 6-4 से हराया। तीसरे दौर में बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिच की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगे। वहीं एक अन्य मुकाबले में दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में आज अर्जेंटीना के टॉमस एचेवेरी को 6-3, 6-3, 7-6 (7-2) के अंतर से हरा चौथे दौर में पहुंच गये। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ने एचेवेरी को दो घंटे 28 मिनट चले में मुकाबले में हराया। एचेवेरी ने पहले दौर में ब्रिटेन के एंडी मरे और दूसरे दौर में फ्रांस के गेल मोनफिल्स को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हराया था, लेकिन आज हुए मुकाबले में उन्हें जोकोविच से सामना करना पड़ा। जोकोविच ने इस जीत के साथ ही चौथे दौर में पहुंचने के साथ ही स्विट्जरलैंड के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पिछले 45 वर्षों में केवल दो खिलाड़ी ही 36 साल की उम्र के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंच पाए हैं। इससे पहले फेडरर ने ऐसा किया था और अब जोकोविच इस सूची में शामिल हो गए हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में लगातार 31वीं जीत हासिल की है।

## रेलवे के पहलवान स्वीकृत, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में लेंगे भाग: लोचब

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे के पहलवान जयपुर में आयोजित होने वाली केवल स्वीकृत और मान्यता प्राप्त सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन दो से पांच फरवरी तक जयपुर में किया जायेगा। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के सचिव प्रेम चंद लोचब ने कहा है कि भारतीय रेलवे के पहलवान जयपुर में आरएसपीबी द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में भाग लेंगे। रेलवे के पहलवान निलंबित भारतीय कुश्ती संघ की ओर से आयोजित किसी अन्य कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। खेल मंत्रालय ने कहा था कि कुश्ती के लिये भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति की देखरेख में आयोजित विभिन्न आयु वर्गों के लिये केवल राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप को खेल संहिता के तहत कुश्ती के लिये स्वीकृत और मान्यता प्राप्त चैंपियनशिप माना जायेगा और केवल तदर्थ समिति द्वारा आयोजित ऐसी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सभी सरकारी सुविधायें मिलेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा नियुक्त डब्ल्यूएफआई की तदर्थ समिति ने सीनियर नेशनल फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और आरएसपीबी को महिला राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है।

## वेस्टइंडीज की चार महिला खिलाड़ियों ने क्रिकेट से लिया संन्यास

एंटीगुआ। वेस्टइंडीज की चार महिला खिलाड़ियों अनीसा मोहम्मद, शकेरा सेल्मन, किशिया नाइट और किशोना नाइट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआईए) ने गुरुवार रात चारों महिला खिलाड़ियों के संन्यास लेने की पुष्टि की।

चारों खिलाड़ियों क्रिकेट वेस्टइंडीज को दिए गए अवसरों और यादों के लिए धन्यवाद दिया। ये खिलाड़ी भारत में आयोजित 2016 आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज विजयी टीम के सदस्य थी।

मोहम्मद ने दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर के रूप में वर्ष 2003 में 15 साल की उम्र में क्रिकेट टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने 141 एकदिवसीय और 117 टी-20 में वेस्टइंडीज के लिए कुल 305 विकेट लिये। वेस्टइंडीज की स्पिन जादूगर अनीसा मोहम्मद ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पिछले 20 साल वास्तव में अद्भुत रहे हैं। मैंने इसके हर एक मिनट का आनंद लिया है। उतार-चढ़ाव। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि मैं कदम बढ़ाऊं। खेल से दूर रहें और युवा खिलाड़ियों को अपने सपने जीने दें जैसे मैंने अपने सपने देखे हैं। उन्होंने कहा, मुझे अपने करियर में 258 बार मैरून रंग पहनकर मैदान पर उतरने का सौभाग्य मिला। मैंने पांच एकदिवसीय विश्वकप और सात टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है। मेरे साथियों, आपके साथ बिताए समय के दौरान मुझे जो प्यार और सम्मान मिला उसके लिए आप सभी का धन्यवाद। आपने मेरी यात्रा को एक यादगार अनुभव दिया। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज शकेरा सेल्मन ने 2008 में पदार्पण किया और उन्होंने दोनों सफेद गेंद प्रारूपों में 196 मैचों में 133 विकेट लिए। सेलमैन ने अपने बयान कहा, यह 18 अविश्वसनीय वर्षों के बाद मेरा अंतिम नमस्कार है। मुझे दिग्गजों के साथ और उनके खिलाफ खेलने पर गर्व है और कुछ को आउट करने के लिए भाग्यशाली हूं। मेरा उद्देश्य हमेशा दूसरों को उनके सपनों में प्रेरित करना और उनकी सहायता करना था। उन्होंने कहा, मैं ईश्वर, अपने सहयोगी परिवार और दोस्तों तथा सीडब्ल्यूआई, अपने साथियों और चिकित्सा एवं प्रबंधन टीमों के अटूट मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी हूं। किसिया नाइट और किशोना नाइट ने क्रमशः 2011 और 2013 में वेस्टइंडीज में पदार्पण किया। किसिया, जो कि एक विकेटकीपर है, के नाम स्टंप के पीछे कई रिकॉर्ड हैं, जिसमें महिलाओं की टी-20 की एक पारी में सबसे ज्यादा पांच आउट, एक पारी में सबसे ज्यादा चार स्टंपिंग और एक पारी में सबसे ज्यादा चार कैच लेना शामिल हैं।

# -20 डिग्री सेलसियस में विरोध प्रदर्शन

## रूसी लोगों ने पुलिस पर स्नोबॉल फेंके, 7 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार





रूसी क्षेत्र बश्कोर्तोस्तान में तीन दिनों से विरोध प्रदर्शन हो रहा है। वहां की एक कोर्ट ने 17 जनवरी को ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट असफल अल्सिनोव को जेल की सजा सुनाई। इनके बाद उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने 7 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया।

बीबीसी ने लोकल मीडिया के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि कोर्ट के बाहर हजारों लोगों ने माइनस 20 डिग्री सेलसियस तापमान में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर स्नोबॉल भी फेंके। पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए टीयर गैस का इस्तेमाल किया।

एक्टिविस्ट असफल अल्सिनोव को नफरत फैलाने के आरोप में 4 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

### एक्टिविस्ट ने पुतिन का विरोध भी किया था

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एक्टिविस्ट असफल अल्सिनोव ने पिछले साल रूस-यूक्रेन जंग के लिए बश्कोर्तोस्तान के लोगों की सेना में भर्ती का विरोध किया था। उन्होंने कहा था- यह हमारी जंग नहीं है। इसे पुतिन के विरोध के तौर पर देखा गया था।

यह पहली बार नहीं है जब रूस में विरोध करने पर किसी को सजा सुनाई गई हो। इसके पहले जनवरी 2023 में रूस ने एक 19 साल की लड़की को आतंकी घोषित कर उसका नाम आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल कर दिया था। उसे घर में नजरबंद भी कर दिया था। ओलेसा क्रिवत्सोवा ने अक्टूबर 2022 में यूक्रेन जंग को लेकर रूस का विरोध किया था।

### रूस में विरोध प्रदर्शन आम बात नहीं

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूस में विरोध प्रदर्शन आम बात नहीं है। इसकी वजह वहां का सख्त कानून है। विरोध करने वाले लोगों को फौरन गिरफ्तार कर लिया जाता है। 2022 में छिड़ी रूस-यूक्रेन जंग के बाद से कानून और भी ज्यादा सख्त हो गया है। तीन दिन से जारी विरोध प्रदर्शन को बेहद संवेदनशील कहा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि मार्च में रूस में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। राष्ट्रपति पुतिन छह साल के नए कार्यकाल के लिए खड़े हैं।

### 40 परिवारों को देश छोड़ना पड़ा

2022 में यूक्रेन पर हमले के विरोध में अपनी ही सरकार के खिलाफ खड़े होने वाले 40 रूसी परिवारों को देश छोड़ना पड़ा था। इनमें से एक थीं मॉस्को की मैथ टीचर इरिना जोलकिना। उन्होंने युद्ध विरोधी प्रदर्शन में भाग लिया था। नतीजा ये हुआ कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ घंटे बाद उसे छोड़ा गया, लेकिन इतना डरा दिया गया कि उसने अपने चार बच्चों और बेटी के बॉयफ्रेंड के साथ रूस ही छोड़ दिया।

## कांगो में बाढ़ के कारण 23 की मौत

ब्राज़ाविल। कांगो गणराज्य में भारी बारिश के कारण आयी बाढ़ से कम से कम 23 लोगों की मौत हुयी है। सरकारी प्रवक्ता थिएरी मौंगल्ला ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये मौतें लिकौला, क्यूवेट और नियारी क्षेत्र में हुयी हैं। एक अद्यतन आकलन के अनुसार, देश के 12 में से नौ प्रांत विशेषकर कांगो नदी की सीमा से लगे क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुये हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से कुल मिलाकर, 336,560 लोग प्रभावित हुये और 6,178 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाढ़ के कारण 26 स्वास्थ्य सुविधायें, 120 विद्यालय और लगभग 64,000 घर नष्ट या क्षतिग्रस्त हुये हैं। इस आपदा का सामना करते हुए, सरकार ने दो अरब अरब सीएफए फ्रैंक (लगभग 33.2 लाख अमेरिकी डॉलर) की राशि के साथ एक राष्ट्रीय एकजुटता कोष बनाया है और योगदान प्राप्त करने के लिये बैंक खाता खोलने को अधिकृत किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बाढ़ के बाद देश में बड़े पैमाने पर जलजनित बीमारियों के फैलने के खतरे की चेतावनी पिछले हफ्ते दी थी। डब्ल्यूएचओ द्वारा उद्धृत विशेषज्ञों के अनुमान के अनुसार 2022-2023 में औसत से दोगुनी बारिश हुयी है। स्थानीय मीडिया ने डीआरसी अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया है कि कांगो नदी की दाहिने किनारे की सहायक नदी, उबांगी नदी में जल स्तर अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

## यूक्रेन में धोखाधड़ी के आरोप में सेना के तीन कपड़ा ठेकेदार हिरासत में

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव की एक अदालत ने यूक्रेनी सशस्त्र बलों को खराब गुणवत्ता वाले कपड़ों (वर्दी) की आपूर्ति से संबंधित एक मामले में आरोपी तीन ठेकेदारों को हिरासत में रखने का आदेश दिया है। यूक्रेनी महाभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अभियोजक कार्यालय ने टेलीग्राम पर कहा, राजधानी के पेचेर्स्क जिला न्यायालय ने यूक्रेनी सशस्त्र बलों को लगभग 2.65 करोड़ मूल्य की खराब गुणवत्ता वाली वर्दी की आपूर्ति करने के तीन आरोपियों को हिरासत में लेने का आदेश दिया है। अभियोजक के कार्यालय ने आरोपियों के नामों का खुलासा नहीं किया है, हालांकि, यूक्रेनी जांच ब्यूरो की प्रवक्ता टेटियाना सैपियन ने गुरुवार को बताया कि यूक्रेनी उद्यमी इगोर ग्रिंकेविच के बेटे रोमन ग्रिंकेविच को सेना की वर्दी से संबंधित मामले में एक संदिग्ध के रूप में वांछित सूची में रखा गया है। यूक्रेनी मीडिया ने बताया कि उद्यमी और उनके बेटे के अलावा, मामले में तीन और संदिग्ध थे, जो कथित तौर पर श्री ग्रिंकेविच के स्वामित्व वाली कंपनी में प्रबंधक थे। यूक्रेनी मीडिया ने दिसंबर के अंत में बताया कि श्री इगोर ग्रिंकेविच को यूक्रेन के जांच ब्यूरो के एक शीर्ष अधिकारी को रिश्वत देने का प्रयास करते समय गिरफ्तार किया गया है, जो सेना की वर्दी से संबंधित मामले की जांच कर रहा था।

## गुटेरेस ने की ईरान-पाकिस्तान तनाव कम करने के लिए मदद की पेशकश

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पाकिस्तान और ईरान के बीच मौजूदा तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए दोनों देशों से तनाव कम करने का आग्रह किया है तथा उनके सभी मुद्दों को शांतिपूर्वक हल करने में मदद करने की पेशकश की है। 'डॉन' अखबार में शुक्रवार को प्रसारित एक रिपोर्ट के मुताबिक महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने महासचिव की यह बात उस समय कही जब उनसे ईरान और पाकिस्तान के बीच इस सप्ताह के हमलों और जवाबी हमलों पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा, वह ईरान और पाकिस्तान के बीच इस तनाव तथा रॉकेट के आदान-प्रदान से होने वाले नुकसान को लेकर बहुत चिंतित हैं। हमने दोनों पक्षों के हताहत होने की रिपोर्ट देखी है। यह पूछे जाने पर कि महासचिव इस तनाव के बढ़ने को लेकर कितने चिंतित हैं तो संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने कहा, वह दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने का आग्रह करते हैं ताकि आगे किसी भी तनाव से बचा जा सके। तनाव को आगे बढ़ने से बचने की आवश्यकता पर जोर देते हुए श्री दुजारिक ने कहा, ईरान और पाकिस्तान के बीच किसी भी सुरक्षा मुद्दे, , संप्रभुता के सिद्धांतों, राष्ट्रीय अखंडता और अच्छे पड़ोसी संबंधों के आधार पर संबोधित किया जाना चाहिए।

# अमेरिकी जहाज पर फिर हुआ हमला, हूती आतंकियों ने दाग दी मिसाइलें

वॉशिंगटन। (पी एम ए) अदन की खाड़ी और लाल सागर में ईरान समर्थित हूती आतंकियों का मर्चेंट शिप और टैंकरों पर हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है. इसी क्रम में यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार तड़के दावा किया कि उन्होंने अदन की खाड़ी में एक अमेरिकी जहाज पर मिसाइल हमला किया है. हूती ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि उनके 'नौसेना' बलों ने केम रेंजर पर कई मिसाइलों से सीधा हमला किया है. हालांकि हूती ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन में किए गए हमले की ज्यादा जानकारी नहीं दी.



लाल सागर में जहाजों के खिलाफ हूती आक्रामकता के कारण यमन में अमेरिकी और ब्रिटिश सेनाओं द्वारा हमले किए गए हैं, संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को नए सिरे से हूती के ठिकानों पर हमला किया था।। अमेरिकी सेना ने कहा कि ईरान समर्थित हूती ने गुरुवार रात एक अमेरिकी स्वामित्व वाले टैंकर जहाज पर दो एंटी शिप बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जो जहाज के पास पानी में जा गिरीं, जिससे कोई चोट या क्षति नहीं हुई।

यूएस सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (औपचारिक रूप से ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, 'तीन दिनों में मर्चेंट शिपिंग जहाज पर 18 जनवरी की देर रात को 9 बजे हूती आतंकवादियों का तीसरा हमला। जनवरी को। ईरानी समर्थित हूती आतंकवादियों ने मार्शल द्वीप-ध्वज लगाए अमेरिकी स्वामित्व वाले, ग्रीक संचालित टैंकर जहाज एम/वी केम रेंजर पर दो एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

## इजरायल का दावा, इस्लामिक जिहाद मूवमेंट के 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' अभियान का उपप्रमुख मारा गया

येरूशलम। इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने शुक्रवार को दावा किया कि गाजा पट्टी पर हवाई हमले में इस्लामिक जिहाद मूवमेंट के 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' अभियान का उपप्रमुख मारा गया है। आईडीएफ ने सोशल मीडिया पर कहा, इस्लामिक जिहाद मूवमेंट के वरिष्ठ सदस्य, वाएल अबू-फनौना को गुरुवार को, दक्षिणी कमान के नेतृत्व में वायु सेना के हवाई हमले के दौरान मार गिराया गया। इजरायली सेना ने अबू-फनौना पर इजरायल के खिलाफ रॉकेट हमलों के वीडियो प्रसारित करने और इजरायली बंधकों के बारे में जानकारी का प्रचार-प्रसार करने का आरोप लगाया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
शनिवार 20 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

# 22 जनवरी भारत के विश्वास, लोकआस्था व गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का दिन : योगी

अयोध्या। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के तत्वावधान में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होना है। इसे लेकर संपूर्ण अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश व देश में उत्साह का माहौल है। कई शताब्दियों के बाद आने वाले इस पल के दर्शन कर श्रद्धालुओं को अंतःकरण से आनंद की अनुभूति होगी। यह भारत के विश्वास व लोकआस्था, गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। सीएम ने विश्वास जताया कि अभी तक जैसे सभी कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुए हैं, वैसे ही 22 जनवरी का कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। जनता व आमजनमानस के सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से इसे सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने बताया कि समारोह की दृष्टि से अयोध्या में प्रशासनिक रूप से बाहर क्या व्यवस्थाएं हुई हैं। इसकी समीक्षा भी की गई है।

## प्रदेश सरकार के मंत्रियों व स्थानीय प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं की कर ली तैयारी

सीएम ने कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशासन व प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने पहले से ही सभी व्यवस्थाओं की तैयारी कर ली है। बेहतर तालमेल के जरिए लोकल स्तर पर न्यास से समन्वय, सुविधा, ट्रैफिक, सुरक्षा आदि के जरिए 22 जनवरी के ऐतिहासिक कार्यक्रम को भव्यता, दिव्यता, सुरक्षित व सुव्यवस्थित तरीके से कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शेष बचे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कर लिया जाएगा।

## तीर्थ क्षेत्र न्यास की कार्ययोजना में सहयोग करेगी राज्य सरकार

सीएम ने कहा कि 22 जनवरी के बाद भी तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से श्रीरामलला के दर्शन के लिए जो भी कार्ययोजना तैयार होगी, उसके अनुसार राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर पूरा सहयोग करेगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो, यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग दे रही है। टेंट सिटी, धर्मशाला, होटल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी व प्रयागराज समेत अन्य शहरों से आने के लिए बेहतर ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी को दिक्कत न हो। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

## सीएम की अपील- पैदल कतई न आएं, सभी का दायित्व- अव्यवस्था की स्थिति न बने

सीएम ने कहा कि पांच सदी के बाद यह अवसर आया है, इसलिए हर किसी के मन में उमंग व उत्साह है। हर श्रद्धालु दर्शन करना चाहता है। जो भावनाएं आपके मन में हैं, वहीं हमारे मन में भी है।

मेरी अपील है कि बेहतर तालमेल व समन्वय से दर्शन हो पाएगा। अयोध्या में किसी को भी परेशानी न होगी। भीषण शीतलहरी चल रही है। पैदल न आएं।

हम जनपदों व राज्यों को व्यवस्था दे रहे हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास से चर्चा कर कार्ययोजना बनाएंगे।

### राज्य सरकार तैयार कर रही योजना-किसी को नहीं होगी असुविधा

सीएम ने अपील की कि बिना प्रोग्राम के न आएं। धैर्य बनाकर अपनी बारी का इंतजार करें और यहां के कार्यक्रम के अनुरूप ही आएं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यहां व्यवस्था की जा रही है। किसी को असुविधा नहीं होगी। प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन के साथ लोकल स्तर पर व्यवस्था कर रहे हैं। प्रदेश में बीट प्रणाली लागू करने को कहा है, जो निचले स्तर तक लोगों से संवाद बनाकर लाने व व्यवस्थित रूप से दर्शन कराने में योगदान दे सके। लोकल स्तर पर राज्य से बसों की व्यवस्था की तैयारी कर रहे हैं। दर्शन कब कैसे और किस प्रकार होगा, यह प्रक्रिया न्यास तय करेगा और हम उसके अनुरूप व्यवस्था कर रहे हैं।

# जनता दर्शन : डीएम ने सुनी फरियाद, दी योजनाओं की सौगातें, खिला चेहरा

## फरियादी रवि की दोनों बेटियों को मिलेगा स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ



लखीमपुर खीरी। (पीएमए) शुक्रवार की सुबह गोला तहसील, ब्लॉक बिजुआ के ग्राम सहसपुर निवासी रवि वर्मा जिलाधिकारी जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर मदद की गुहार लगाई। इस पर डीएम ने कहा कि बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी।

अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दिया है तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाले के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली।

डीएम के समक्ष उपस्थित होकर फरियादी रवि ने कहा कि साहब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर आप द्वारा पोस्ट की स्पॉन्सरशिप योजना के लाभ के बारे में आपसे हुई वार्ता के क्रम में आज मिलने आया हूं। हुजूर, हमारी पत्नी का माह जनवरी, वर्ष 2023 में निधन हो गया था। हमारे दो पुत्री वर्तिका (07 वर्ष) और अनिका (04 वर्ष) है। डीएम ने फॉरेन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम को बुलाकर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्पॉन्सरशिप योजना के लाभ दिए जाने के लिए निर्देशित किया।

फरियादी रवि ने कहा कि उसकी पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम सचिव के यहां लंबित है। इस पर डीएम ने बीडीओ बिजुआ को तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया। महज चंद घंटे के अंदर फरियादी को उसका प्रमाण पत्र मिल गया। योजनाओ का लाभ के लिए आय प्रमाण पत्र जरूरी हैं, इसलिए डीएम ने एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्रा से तत्काल फोन पर निर्देशित किया कि फरियादी का आय प्रमाण पत्र यथाशीघ्र जारी कर अवगत कराए।

डीएम ने फरियादी की पुत्री कक्षा एक में अध्यनरत होने पर डीपीओ को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिए जाने हेतु निर्देशित किया। फरियादी ने बातचीत के दौरान बताया कि उसका श्रमिक (लेबर) कार्ड 04 वर्ष पूर्व बना था, जिसका नवीनीकरण नहीं करा पाया।

डीएम ने फौरन श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी को बुलाकर नवीनीकरण करवाया।

# वल्नरेबल बूथों की मैपिंग एवं वर्तमान स्थिति का निरीक्षण करने का निर्देश

आजमगढ़। (पीएमए) जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज ने लोकसभा क्षेत्र 69-आजमगढ़ के समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश देते हुए कहा कि वल्नरेबल बूथों की मैपिंग एवं समस्त बूथों की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं को समय रहते हुए सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी 10 से 12 बूथों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि संबंधित बूथों के क्षेत्र, गांव एवं मोहल्ले के सम्भ्रान्त लोगों से समन्वय स्थापित कर मूल स्थिति का पता करें।

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने उक्त निर्देश आज हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में लोक सभा क्षेत्र 69-आजमगढ़ के समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में पोलिंग प्रतिशत को चेक करें तथा यदि कम प्रतिशत है तो उसका कारण पता करें।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं वल्नरेबल एरिया है तो उसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि समस्त बूथों के संबंधित स्कूलों में रैंप, शौचालय, विद्युत एवं रोड आदि समस्याओं का निरीक्षणट कर एआरओ एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत करा दें।

उन्होंने कहा कि समस्त इंफ्रास्ट्रक्चर का गहराई से निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी का उद्देश्य अधिक से अधिक वोट प्रतिशत बढ़ाने पर होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बूथों का बैकग्राउंड चेक करें तथा पुलिस विभाग में की गई शिकायत एवं 112 नंबर पर की गई शिकायतों का निरीक्षण कर लें।

उन्होंने कहा कि खुराफाती एवं प्रशासन के सहयोगी पक्ष का पता कर अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

# पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने जरुरतमंदों को ओढाया शाल

गोरखपुर। (पीएमए) पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के अतिरिक्त रेल कार्य में लगे अन्य कर्मियों, निराश्रितों तथा अक्षम व्यक्तियों के सहायतार्थ अनेक कल्याणकारी कार्यों का सम्पादन किया जाता है। इसके अतिरिक्त संगठन द्वारा बाढ़, सूखा, आगजनी एवं अन्य प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य किया जाता है तथा साथ ही रेलकर्मियों के बच्चों तथा अन्य गरीब बच्चों की शिक्षा हेतु स्कूलों का संचालन भी किया जाता है। इसी क्रम में जाड़े के मौसम में पड़ रही अत्यधिक ठंड को देखते हुये महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर के मार्गदर्शन में संगठन द्वारा गुरुवार को महिला कुटीर उद्योग केन्द्र कौवा बाग, रेलवे डिज्नी वर्ल्ड स्कूल तथा स्वर्ण जयन्ती प्राथमिक विद्यालय के सहायक कर्मचारियों, आटा चक्की/मसाला सेन्टर के कर्मियों एवं अन्य सहायक कर्मचारियों को कड़ाके की ठंड से बचाने हेतु शाल का वितरण संगठन की सचिव श्रीमती सुमा नाज, संयुक्त सचिव श्रीमती पूजा खरे, कोषाध्यक्ष श्रीमती नीना राय एवं संगठन की अन्य सदस्याओं द्वारा किया गया।

# श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से निकलेगी विशाल शोभायात्रा

वाराणसी। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश के राम भक्तों में उत्साह है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना है।

इसी क्रम में मुक्तिबोध समिति, वाराणसी के द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर से 20 जनवरी, 2024 दिन शनिवार को सायंकाल 3 बजे अखण्ड ज्योति लेकर श्रीराम भूमि मंदिर में स्थापना करने का संकल्प लिया है, जो भगवान श्रीराम के चौदह वर्षीय वनवासकाल को समर्पित है, जो 14 वर्षों तक जलेगी। उक्त जानकारी शुक्रवार को पराइकर स्मृति भवन में



संस्था के अध्यक्ष पशुपतिनाथ पासवान, कोषाध्यक्ष गणेश पाल एवं संगठन मंत्री प्रशांत राय ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में दी।

पत्रकारों को जानकारी दी गई कि 20 जनवरी को सायंकाल 3 बजे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नं0 4 से एक विशाल शोभायात्रा निकलेगी जो विभिन्न मार्गो से होकर बांसफाटक, गोदौलिया होते हुए चितरंजन पार्क पहुंचेगी। शोभायात्रा में डमरूदल व बैण्ड बाजा आगे- आगे चलेगा तथा पीछे-पीछे श्रीराम भक्त श्रद्धालु श्रीराम कीर्तन करते हुए चलेंगे।

संस्था के कोषाध्यक्ष गणेशपाल ने बताया कि अखण्ड ज्योति लेकर श्रीराम जन्म भूमि मंदिर 25 जनवरी, 2024 को विभिन्न मार्ग होते हुए अवध नगरी अयोध्या पहुंचेगी जहां पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया जायेगा।

संगठन मंत्री प्रशांत राय ने बताया कि यह अखण्ड ज्योति अनवरत 14 वर्षों तक जलेगी। इसके साथ ही मुक्ति बोध समिति बालिकाओं के शिक्षा के लिये भारत के गांवों में %श्रीराम पाठशाला% केन्द्र चलाने के साथ अनेक कार्यक्रम करेंगे।

# जिलाधिकारी ने दिए नदियों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि, पंचायती राज विभाग, शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर विकास विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर जल संरक्षण एवं नदियों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक जन जागरूकता अभियान चलाना सुनिश्चित करें। कृषि, शिक्षा, नगर विकास, पंचायती राज एवं अन्य विभाग नदियों के किनारे के गांव में तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सिंचाई एवं बाढ़ खंड विभाग को नदियों में जल प्रवाह बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा कन्वर्जन के माध्यम से नदियों में कार्य कराए जाने का प्रस्ताव प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि ई-वेस्ट एवं प्लास्टिक वेस्ट को निस्तारित करने के लिए एनजीटी के मानक के अनुसार नोटिस भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित किए गए वेटलैंड का सर्वे कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो वहां मैन्युअली एवं जहां गहराई अधिक हो, वहां मशीनों से कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि तालाबों की गहराई बढ़ायें तथा उनके मूल स्वरूप में वापस लाया जाए। उन्होंने कहा कि वाकिंग ट्रैक, इनलेट, आउटलेट तथा वृक्षारोपण के लिए किनारे पर अगले 15 दिन में जमीन चिन्हित करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर गांवों में जाकर बच्चों एवं आमजन को जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि ताल सलोना, बरहा आदि बड़े तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करायें तथा खतौनी में दर्ज रकबा के अनुरूप उनके मूल स्वरूप में लाना सुनिश्चित किया जाए।

# शाहबाजकुली हवाई पट्टी को एयरपोर्ट बनाने के लिए सांसद ने लिखा पत्र

गाजीपुर। गौसपुर/शाहबाजकुली हवाई पट्टी को एयरपोर्ट बनाने के लिए सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने भारत सरकार के उड्डयन मंत्री को पत्र लिखा है। अपने लिखे पत्र में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बताया कि अंग्रेजी शासन के दौरान द्वितीय विश्व युद्ध के समय शाहबाजकुली के निकट 4 किलोमीटर लंबे और 400 मीटर चौड़ी हवाई पट्टी का निर्माण कराया गया था। ब्रिटिश शासन के दौरान यह हवाई पट्टी रणनीतिक रूप से ब्रिटिश-अमेरिकी सहयोगी सेनाओं द्वारा आईएनए और जापानी सेनाओं की प्रगति के खिलाफ




रक्षा की पंक्ति के रूप में बनाई गई थी और कलकत्ता और पूर्वी क्षेत्र के पतन के डर से बनाई गई थी। यह महत्वपूर्ण हवाई पट्टी बलिया लोकसभा के अंतर्गत आने वाले विधानसभा मुहम्मदाबाद के अंतर्गत स्थित, सराय बहादुर, फिरोजपुर, कठौत, छतरपुर मौजे में में स्थित है।

# शार्ट न्यूज

## मास्क टीवी की फिल्म 'हिंदुत्व' की टीम अनूप जलोटा के साथ मुम्बई से अयोध्या के लिए रवाना हुई



हिन्दी संगीत जगत में अनूप जलोटा के गाए हुए भजन व गाने असाधारण रूप से लोकप्रियता हासिल करते हैं। इनके गाये भजन हर हिंदुस्तानी के घर घर मे आज भी बड़े भक्तिभाव से सुने जाते हैं। इन गानों की लोकप्रियता की वजह से कई फिल्में व अल्बम सफ़लता प्राप्त की हुई हैं। इन्हीं अनूप जलोटा ने मास्क टीवी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाली हिंदुत्व फ़िल्म में अभिनय किया है और अपनी आवाज में गीत भी गाया है। मास्क टीवी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अगले कुछ ही दिनों में हिंदुत्व फ़िल्म रिलीज़ होने वाली है। इस फ़िल्म का ट्रेलर पिछले दिनों रिलीज किया गया था जिसको दर्शकों का अच्छा खासा रिस्पॉन्स मिला था। उम्मीद है कि इस फ़िल्म को भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिलेगा। फ़िल्म हिंदुत्व वर्तमान समय मे भारत में हिन्दुओ की हालत को ध्यान में रखकर बनाई गई है, इस फ़िल्म में यह भी बताने की कोशिश की गई है कि यदि हम अपने हक़ के लिए इस अपने देश मे नहीं लड़े, अपना हक अपने देश मे नहीं मांगा तो दुनिया मे दूसरा कोई देश ही नहीं है जो हिंदुओं के लिए खड़ा हो सके। यदि हम अपने इस देश से कभी विस्थापित होने के कगार पर भी आ गए तो इस दुनिया मे दूसरा कोई देश ही नहीं है जो हमे शरण दे सके।

## रोजगार मेला का आयोजन

देवरिया। (पीएमए) विकास खण्ड स्तरीय रोजगार को विकास खण्ड परिसर भटनी, देवरिया में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया मेले का उद्घाटन मा0 ब्लाक प्रमुख भटनी, श्री रमाशंकर यादव के कर कमलों द्वारा किया गया ब्लाक प्रमुख द्वारा युवाओ का उत्सावर्धन किया गया और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ से जुड़कर लाभ लेने हेतु युवाओ को प्रेरित किया गया तथा चयनित अभियार्थियो को नियुक्ति पत्र वितरित किए ढ्ढ रोजगार मेले में 217 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं रोजगार मेले में उपस्थित 06 कंपनियों द्वारा मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर 93 अभ्यर्थियों का चयन किया इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा, जिला कौशल प्रबंधक उपेन्द्र सिंह चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक गोविन्द चौहान तथा राजेश यादव, अलोक कुमार पाण्डेय, प्रशिक्षण प्रदाता एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाई झाड़ू, 22 तक जारी रहेगा स्वच्छता अभियान

चंदौली। (पीएमए) आगामी 22 जनवरी को अयोध्या के मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस ऐतिहासिक पावन मौके पर तमाम मंदिरों के साथ-साथ शासकीय कार्यालयों में भी साफ-सफाई के लिए जिला प्रशासन ने अभियान चलवाकर बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। आज सुबह जिलाधिकारी ने हाथ में झाड़ू थामी और कलेक्ट्रेट परिसर में अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान में योगदान दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालयों और परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के सभी नागरिकों से भी अपील की कि वे भी अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने में अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में भूलेख अनुभाग, राजस्व अनुभाग, टेलीफोन कक्ष सहित अन्य पटल की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अभय कुमार पाण्डेय, उपजिलाधिकारी मनोज पाठक, अविनाश सिंह सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गृह मंत्रालय का राज्यों से ध्वज संहिता का पालन कराने का अनुरोध

नई दिल्ली। (पीएमए) गणतंत्र दिवस को लेकर पूरे देश में देशभक्ति का माहौल देखा जा सकता है. अभी से सड़क किनारे, बाजारों में भारतीय ध्वज शान से लहराते दिख रहे हैं. ऐसे में, गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों सहित भारत सरकार के मंत्रालयों से भारतीय ध्वज संहिता का सख्ती से पालन कराने का अनुरोध किया है. मंत्रालय ने एक पत्र जारी कर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि देश में विभिन्न आयोजनों पर जनता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाते हैं. ऐसे में कार्यक्रम के बाद इन्हें जमीन पर न फेंका जाए. गृह मंत्रालय का कहना है कि इस तरह के झंडों को निजी तौर पर ध्वज की गरिमा के अनुरूप निपटाया जाना चाहिए. सभी सरकारी कार्यालयों से तिरंगे के सम्मान के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने का भी अनुरोध किया है. मंत्रालय ने पत्र में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है और इसलिए इसे सम्मान देना चाहिए. राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और वफादारी है.।

## प्रसन्ना बी वराले होंगें तीसरे दलित जज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश की अगुवाई वाली कॉलेजियम ने केंद्र से कर्नाटक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रसन्ना बी वराले के शीर्ष अदालत में जज बनाने की सफारिश की है। नियुक्ति के बाद जस्टिस वराले शीर्ष अदालत के तीसरे दलित जज होंगे। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को कर्नाटक हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस प्रसन्ना बी वराले के पदोउन्नति की सिफारिश की है। जिसके बाद शीर्ष अदालत को एक नया न्यायधीश मिलना तय है। नियुक्ति के बाद जस्टिस वराले न्यायमूर्ति बीआर गवई और सीटी रविकुमार के बाद सुप्रीम कोर्ट में तीसरे दलित जज होंगे। ऐसे पहली बार होगा जब एक साथ शीर्ष अदालत में तीन दलित न्यायमूर्ति हों। बता दें कि जस्टिस गवई मई से नवंबर 2025 तक सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश होंगे। 61 वर्षीय न्यायमूर्ति वेरेला महाराष्ट्र के औरंगाबाद के डॉ बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय से स्नातक की पूरी की है। उन्होंने 20 साल से अधिक समय तक कानून विशेष रूप से नागरिक, आपराधिक, श्रम और प्रशासनिक मामलों के वकील रहे। इसके बाद वो बॉम्बे हाई कोर्ट में सेवा की है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह

नई दिल्ली। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को होने जा रही है। ये शुभ अवसर धूमधाम से मनना शुरू हो गया है। बाजारों में रंग-बिरंगी लाइटिंग हो गई है। सुंदर भगवा झंडी लड़ियों से मार्केट पाट दिये गए हैं। दुकान-दुकान पर भगवा श्रीराम पटाका फहरा रही है। दिल्ली के बाजार राममय हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के पहले पुरानी दिल्ली की समस्त व्यापारिक संस्थाओं द्वारा गुरुवार शाम को आईपी एक्सटेंशन में भव्य उत्सव और सुंदरकांड का पाठ किया गया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री हेमंत गुप्ता ने बताया कि आईपेक्स भवन में भी रवि प्रकाश शर्मा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ हुआ। इसमें व्यापारियों ने अपने परिवार के साथ हिस्सा लिया। दीप जलाए गए। सुंदर आतिशबाजी हुई। ट्रेडर्स ने राम नाम के भजनों और ढोल पर नृत्य किया। व्यापारी नेता बलदेव गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला स्थापित हो गए हैं। सनातनियों का दिव्य स्वप्न पूर्ण होने जा रहे हैं। हर ओर मंगलगान गाए जा रहे हैं। आईपेक्स भवन तक आने वाली सड़क को सुंदर झालरों से सजा दिया है। ये भव्य दीपावली मनाने का मौका है। यहां की सभी सोसायटियों में राम ध्वज लग गए हैं। सुंदरकांड में तमाम मार्केट संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शिरकत की। इसमें प्रमुख विधानसभा अध्यक्ष श्री रामनिवास गोयल जी पदम श्री जितेंद्र शटीजी पार्षद शशि चांदना जी प्रमोद अग्रवाल, बीएम अग्रवाल, परमजीत पम्मा, राकेश यादव, राजेंद्र शर्मा, महेश सिंघल, प्रदीप अग्रवाल, मनीष गोयल, सीए रोहित वासवानी, जयकिशन अग्रवाल, नंदकिशोर बंसल, विनय नारंग, निरंजन पोद्धार, कुलदीप कौशिक, प्रेम अरोड़ा, सुशील गोयल, मुकेश सचदेवा, श्रीभगवान बंसल, अतुल गर्ग रविंद्र अग्रवाल ललित अग्रवाल सुरेश भार्गव अजय अरोड़ा सुनील शर्मा, कमल व्यास, पवन चौहान, राजीव बक्शी, बीके सिंघल और अजय अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## केन्द्र सरकार ने आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सौंपी एसएसबी की कमान

नई दिल्ली। (पीएमए) केन्द्र सरकार ने वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक की कमान सौंपी है। इस सम्बंध में केन्द्र सरकार ने एक आदेश जारी कर शुक्रवार को बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर, 2025 तक के लिए दलजीत सिंह चौधरी को एसएसबी के महानिदेशक के तौर पर नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि दलजीत सिंह चौधरी उत्तर प्रदेश के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

# राम मंदिर उत्सव के उपलक्ष्य में खारी बावली के किराना ड्राईफरूट व्यापारियों ने सीता रसोई लगाई

नई दिल्ली। अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर के लोकार्पण के उपलक्ष्य में किराना कमेटी, दिल्ली एवं कैमिकल मर्चेंट एसोसिएशन, दिल्ली ने खारी बावली एवं तिलक बाजार को भगवान रंग के झंडों एवं लड़ियों से दुल्हन की तरह सजाया है और पूरे बाजार ही नही सभी गलियों एवं कटरों को भी रंग बिरंगी बतियों से जगमगाया गया है। किराना कमेटी अध्यक्ष श्री नंदकिशोर बंसल एवं कैमिकल एसोसिएशन अध्यक्ष श्री प्रदीप गुप्ता बाजार में उत्सव का संचालन कर रहे हैं, 20 से 23 जनवरी तक बाजार सजे रहेंगे और भजन बजाये जायेंगे।

श्री राम उत्सव के अंतर्गत आज खारी बावली में सीता माता रसोई का आयोजन किया गया जिसमें सांसद डा. हर्षवर्धन ने दिल्ली भाजपा महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर, चांदनी चौक भाजपा नेता श्री अजय भारद्वाज एवं श्री मदन अग्रवाल की उपस्थिती में व्यापारियों के साथ भंडारा वितरित किया।

खारी बावली के प्रमुख व्यापारी नेताओं श्री प्रेम अरोड़ा, श्री विजय गुप्ता, श्री ललित गुप्ता, श्री राजू मूथा, श्री प्रदीप एम.आर., श्री विनोद बंसल आदि ने डा. हर्षवर्धन एवं अन्य भाजपा नेताओं को श्री राम मंदिर का मॉडल स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया।

इस अवसर पर डा. हर्षवर्धन ने कहा की आज सारा भारत राममय हो चुका है और सभी सनातनी हिन्दू अयोध्या में श्री राम मंदिर की स्थापना को सनातन पताका के विश्व में फहराने के बराबर मान रहे। डा. हर्षवर्धन ने कहा की आज पूरे विश्व के सनातनी हिन्दू श्री राम मंदिर के निर्माण से खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं।